तापमान

अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 20 मार्च 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 वाटर लेबल हो रहा डाउन, गांव में पेयजल की गहराने लगी समस्या



13 अंग्रेजी भाषा हमारे चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है: डॉ. वसंथाकला



# जिले के 65 हमर क्लिनिक में फूंके 16.50 करोड़, 38 में लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

विधानसभा में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने हमर क्लीनिक के बदत्तर हालात को सुधारने की मांग की है। उनके सवाल के बाद प्रदेश लेकर जिले में हलचल तेज हो गई हैं। दुर्ग और भिलाई के शहर इलाको में 65 हमर क्लीनिक केन्द्र पिछले सरकार द्वारा खोले गए थे। वर्तमान हालात में करीब 38 केन्द्र में ताला लगा है। इन केन्द्रों के निर्माण में 16 करोड पचास लाख रूपए फूंक दिए। लेकिन मरीजों के जख्म पर मरहम तो दूर उनका जांच तक नही हो पा रही हैं।

विधानसभा में विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग जिले में हमर क्लीनिक खुलने के बाद भी ताला लगने का सवाल उठाया। जिस पर मंत्री श्याम बिहारी ने डाक्टरों की भर्ती होने के बाद केन्द्र संचालित होने की जानकारी दी है। पूर्व कांग्रेस की सरकार द्वारा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्य कराने के लिए शहरीय इलाको में 25-25 लाख रूपए खर्च कर हाईफाई भवन तैयार किया गया था। दुर्ग और भिलाई में 65 हमर क्लीनिक केन्द्र खोले गए। स्वास्थ्य विभाग का हवाला है कि, भवन बनने के बाद फर्नीचर की व्यवस्था नही की गई। वही बडा कारण यह है कि प्रत्येक केन्द्र में एक एमबीबीएस डाक्टर होने है। लेकिन डाक्टरों की भी कमी है। हालात यह हैं कि, पूरा केन्द्र नर्सो और एएनएम, एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही हैं।

## विधायक रिकेश ने विधानसभा में उठाए सवाल, डाक्टर नहीं होने से इलाज ठप

### क्लीनिक में डॉक्टर ही नहीं

शहरीय इलाको में आम लोगों को निशुल्क इलाज कराने इसकी शुरूआत वर्ष 2022-23 से की गई थी। करोडों रूपए खर्च करने के बाद भी आम लोगों को निजी अस्पतालों का रूख करने मजबूर होना पड रहा है। दुर्ग में वार्ड 52 और वार्ड चार में क्लीनिक बनकर तैयार है, लेकिन ताला लगा है। जिले के दुर्ग, भिलाई, चरोदा और रिसाली में 65 हमर क्लीनिक खोले गए है। इस क्लीनिक में एक एमबीबीएस डाक्टर, एक स्टाफ नर्स, एक एमपीडब्ल्यूडी और एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का सेटअप है। लेकिन इसके बाद भी कई हमर क्लीनिक में पूरा स्टाफ नही है। जानकारी अनुसार दुर्ग में दो और भिलाई में चार क्लीनिक में ही डाक्टर है। बाकि क्लीनिक का संचालक भगवान भरोसे चल रहा है।

### सिर्फ आधा दर्जन क्लीनिक में ही डाक्टर

जानकारी अनुसार दुर्ग के तितुरडीह और कसारीडीह वार्ड में डाक्टर मौजूद है। इसी तरह भिलाई में शहीद वीरनारायण वार्ड, फरीदनगर, आजाद नगर और शिवाजी वार्ड में ही डाक्टर है। जबकि दुर्ग, भिलाई और चरौदा व रिसाली में 63 क्लीनिक है। लेकिन संचालिक दुर्ग में ग्यारह, भिलाई में सत्रह व चरोदा में पांच और रिसाली में तीन क्लीनिक विभाग के अनुसार संचालित है। जबकि 63 में अन्य वार्डो में क्लीनिक बनकर तैयार है। लेकिन डाक्टर व स्टाफ नही होने से क्लीनिक में ताला जड दिया गया है।

### ओपन भर्ती फिर भी डॉक्टरों का टोटा

जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा पिछले दो साल से एमबीबीएस डाक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए जा रहे है। लेकिन प्रदेश में डाक्टरों का टोटा हो गया है। दुर्ग के जिला अस्पताल से लेकर सुपेला अस्पताल में भी डाक्टर की कमी से विभाग जूझ रहा हैं। वही हमर क्लीनिक में ताला लगने का भी यही कारण है कि, डाक्टर के नही मिलने से सेवाएं भी धरी की धरी रह गई है। पूर्व में बांड के तहत अनुबंध वाले डाक्टरों से सेवाएं ली जा रही थी। लेकिन वर्तमान में सभी अनुबंध पूरा होने के बाद चले गए हैं।




### डाक्टर नहीं मिल रहे

राज्य स्तर से एनएचएम के तहत भर्ती चल रही है। रिक्त पद होने के बाद भी डाक्टर नही मिल रहे हैं। डाक्टरों की भर्ती होने पर केन्द्र संचालित किए जाएंगे।

- **डां मनोज दानी** सीएमएचओ, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थो को लेकर दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला



**भिलाई।** मादक पदार्थ को लेकर दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला संपन्न हुआ। कला मंदिर, सिविक सेंटर में दुर्ग, राजनांदगांव रेंज के पुलिस अधिकारियों और विवेचकों के लिए प्रकरणों की प्रभावी विवेचना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला हुआ। कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग प्रज्ञा पचौरी ने जब्ती प्रक्रिया, कानूनी औपचारिकताएं, विवेचना में देरी के कारण और कानूनी पहलुओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। आईजी रामगोपाल गर्ग ने एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन, फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, सर्च, सीज, सैंपलिंग से जुड़ी कई जानकारी दिया। इसी तरह से आईजी राजनांदगांव रेंज दीपक झा ने मादक पर्दार्थों के सप्लाई नेटवर्क, फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन, प्रभावी जांच की रणनीतियों पर चर्चा की। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने एनडीपीएस एक्ट के कानूनी प्रावधानों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि एक्ट का सही तरीके से उपयोग किया जाए तो अपराधियों की संपत्ति को जब्त कर नीलाम किया जा सकता है। समापन समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों व विशेषज्ञों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर भी मौजूद थे।

### गांजा और नशीली दवाओं के साथ दो युवक पकड़े गए

**भिलाई।** गांजा और नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैम्प 1 वृंदा नगर नशे का सामान बेचने वाले युवकों के बारे में जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचकर युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम कैंप 1 निवासी किरण रात्रे और वृंदा नगर विनोद तिवारी को पकड़ा गया। आरोपी किरण ने पुलिस को बताया कि गांजा बेचने के लिए विनोद तिवारी दिया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1.326 किलो गांजा ,53 नग नशा की दवा जब्त किया।

## वर्ष 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए आय-व्यय का ब्योरा किया गया प्रस्तुत, नहीं हो सकी चर्चा

# एमआईसी की बैठक में नहीं पहुंचे आयुक्त, महापौर ने स्थगित की बैठक, डीएमएफ का मुद्दा और गरमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

चहेतों को काम दिलाने 8 करोड़ के कामों का बिना एमआईसी और सामान्य सभा से मंजूरी के टेंडर निकालने का मामला और गर्मा गया है। बुधवार को संभावना था कि इस मुद्दे पर महापौर परिषद की बैठक में पुनः चर्चा होगा। दो दिन पहले हुए एमआईसी की बैठक में महापौर परिषद ने इस प्रस्ताव को लौटा दिया था। बुधवार को आयुक्त राजीव पांडेय बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर नरेंद्र बंजारे को अपना प्रतिनिधि बनाकर महापौर परिषद की बैठक में भेजा, जिससे महापौर नीरज पाल और महापौर परिषद के सदस्य आक्रोशित हो गए। उन्होंने बिना आयुक्त के बैठक करने से ही इंकार दिया। यहां तक बंद लिफाफे में लाए गए आय-व्यय के ब्योरे पर चर्चा से भी इंकार कर दिया। महापौर ने डिप्टी



कमिशनर के समक्ष आपत्ति की। इसके बाद बैठक को 20 मार्च की दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। बैठक में यह भी कहा गया कि यदि आयुक्त राजीव पांडेय बैठक में शामिल नहीं होते, तो एमआईसी आगामी वित्तीय बजट के लिए तैयार आय-व्यय के ब्योरे पर चर्चा नहीं करेगी। बता दें कि वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। ऐसे में सामान्य सभा से बजट की स्वीकृति आवश्यक है। इसे देखते हुए ही निगम आयुक्त ने बजट तैयार कर एमआईसी में प्रस्तुत किया था, जहां से संशोधन के बाद इसे सामान्य सभा में चर्चा के लिए प्रेषित किया जाना है।

### बिना एमआईसी से स्वीकृति के जारी कर दिया 8 करोड़ का टेंडर

बता दें कि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के प्रयासों से खनिज न्यास मद से करीब 8 करोड़ रुपए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रियदर्शनी परिसर की रिक्त जमीन पर 4.92 करोड़ रुपए की लागत से स्वीमिंग पूल का निर्माण किया जाना है। बिना महापौर और एमआईसी को जानकारी दिए टेंडर जारी कर दिया गया। तर्क यह दिया गया कि एमआईसी से स्वीकृति की प्रत्याशा में ऐसा किया गया। इस निर्णय को लेकर आयुक्त राजीव पांडेय के समक्ष आपत्ति की गई। साथ ही नियमों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर पुनः एमआईसी में लाए जाने के लिए आदेशित किया गया। अब पुनः प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में रखा जाना है, लेकिन बुधवार को बुलाई गई एमआईसी में आयुक्त ही नहीं पहुंचे। 8 करोड़ की लागत से होने वाले कामों में हार्स राईडिंग, स्वीमिंग पूल, स्केटिंग ट्रेक, रनिंग ट्रेक, 400 लोगो के बैठने लायक ऑडिटोरियम, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि का निर्माण होना है। इसमें 4.97 करोड़ से स्वीमिं पूल, 1.96 करोड़ से स्केटिंग ट्रैक, 1.09 करोड़ से हार्स राइडिंग ट्रैक बनाया जाना है।

### आयुक्त के नहीं पहुंचने की वजह से बैठक स्थगित

आयुक्त के एमआईसी में शामिल नहीं होने की वजह से बैठक स्थगित की गई है। डिप्टी कमिशनर ने बजट को लेकर बंद लिफाफा सौंपा है। 20 मार्च को स्थगित महापौर परिषद की बैठक पुन: होगी, इस दौरान बजट पर चर्चा होगी। डीएमएफ के मामले में भी आयुक्त से जानकारी ली जाएगी।

- **मन्नान गफ्फार खान,** वित्त प्रभारी

### आयुक्त ने मुझे प्रतिनिधि बनाकर भेजा था

आयुक्त ने मुझे अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा था। मैंने बंद लिफाफे में बजट महापौर परिषद के सुपुर्द कर दिया है। बैठक को 20 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, जो भी निर्णय लेना है, वह महापौर और उनकी परिषद को लेना है।

- **नरेंद्र बंजारे,** डिप्टी कमिशनर

# आधा दर्जन कार जलकर खाक



**भिलाई।** कार गैरेज में आग लगने से आधा दर्जन कार जलकर राख हो गए। आगजनी का कारण अज्ञात है। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर-10 बी मार्केट का है। जहां एक कार गैरेज है जिसमें बाहर खड़ी 6 कार अचानक जलकर खाक हो गई। कार गैरेज ऐजाज़ अहमद का है। 18-19 मार्च की रात गैरेज बंद कर घर संचालक घर चला गया। गैरेज के बाहर बनने के लिए आई कारें खड़ी थीं। उन्हीं में से एक कार में आग लगी, फिर धीरे-धीरे आग ने 6 कारों को अपनी चपेट में ले लिया। दो दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


# रेलवे के पीआरडी स्टोर से लाखों का कॉपर पार, सीसी कैमरे में चोर कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रेलवे स्टोर भिलाई तीन से कॉपर केबल चोरी करने का मामला सामने आया है। यह चोरी आरपीएफ भिलाई तीन पोस्ट से महज सौ मीटर की दूरी पर ही रेलवे का ओएचई आफिस के पीछे पीआरडी स्टोर में बीती रात हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां स्टोर से ओएचई के इस्तेमाल में आने वाले कॉपर केबल के बंडल में कुछ को कटर से काटकर चोर अपने साथ लेकर फरार हो गए। चोरी के दूसरे प्रयास के दौरान चौकीदार को भनक लग गई। अपने साथ काम कर रहे अन्य कर्मी को चौकीदार ने बुलाया गया। चोरों को इसकी जानकारी होते ही दीवार फांदकर भाग निकले। भागते हुए आरोपियों का सारा हरकत सीसी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस चार संदिग्ध किस्म के युवकों की खोजबीन कर रही है। भिलाई तीन में गांधी नगर के पास रेल पटरी के किनारे बने ओएचई आफिस परिसर के पीआरडी स्टोर में कॉपर केबल की चोरी हुई है। फिलहाल चोरी हुई कॉपर केबल का आंकड़ा सामने नहीं आया है। मौके पर सूचना मिलते ही आरपीएफ के अधिकारी और जवान पहुंचे थे। चोरी हुए सामानों की कीमत लाखों रुपए में होना है।

## ओएचई आफिस के पीछे पीआरडी स्टोर है



### हैंड कटर तक छोड़कर हुए फरार

जानकारी के मुताबिक चोरों ने पीआरडी स्टोर में ओएचई आफिस के पीछे वाली दीवार फांदकर प्रवेश करना बताया गया है। हैंड कटर से कॉपर केबल का काफी हिस्सा काटकर आरोपी फरार हुए है। घटना की रात 3 बजे के आसपास फिर एक बार चोरों ने उसी तरह से स्टोर में प्रवेश किया। कटर से वे कॉपर केबल को काट कर अलग कर रहे थे। तभी ड्यूटी पर तैनात शमीम टंडन जानकारी हुई। शमीम ने ओएचई मेंटेनेंस के लिए पावर ब्लाक लेकर काम की शुरुआत कर रहे कर्मियों को फोन कर स्टोर में चोर घुसने की खबर दी। इस दौरान चोरों ने अपना हैंड कटर भी नजदीक में फेंक कर भाग निकले। आरपीएफ ने उसे जब्त किया है।

### डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची थी

ओएचई आफिस परिसर में बने पीआरडी स्टोर में चोरी की सूचना पर आरपीएफ के भिलाई-3 ओसी के अवकाश में होने से आरपीएफ दुर्ग के ओसी एसके सिन्हा मौके पर टीम के साथ पहुंचे। उनके साथ डॉग स्क्वायड समेत आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंची थई। खोजी कुत्ता को चोरों के दीवार फांदकर भागने वाले जगह पर लेकर गए। यहां से खोजी कुत्ता गांधी नगर के पीछे गली से होते हुए नहर वाली सड़क से पुलिया पार करने के बाद टप्पा तालाब पार से गुजरने वाली गली नुमा रास्ते से होकर फोरलेन सड़क के पास भिलाई-3 के पुराने पुलिस थाना और मस्जिद के बीच जाकर रुक गया। संदेह जताया जा रहा है कि चोर कॉपर केबल चोरी करने के बाद स्टोर फोरलेन सड़क तक पैदल गए और वहां से किसी माल वाहक वाहन में उसे लादकर फरार हुए।

## एआई तकनीकी से बनाया फोटो, नेवई पुलिस कर रही जांच

# महिला इंजीनियर से लूट, नकाबपोश जेवरात लेकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पीएचई की इंजीनियर के साथ चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 309 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि ए पॉकेट 11/बी मरोदा सेक्टर निवासी सुमन साहू पीएचई बालोद में इंजीनियर पद पर है। इनके पति मुकेश साहू बीएसपी में पदस्थ है। सुमन 18 मार्च की बात दोनों बेटियों के साथ घर से टहलने आत्मनंद पार्क नेवई गई हुई थी। इस दौरान कुछ सामान लेने के लिए तीनों इलेक्ट्रिकल शॉप में रुक गए।



सामान खरीदकर लेकर मां-बेटी आगे निकल गए। अचानक स्कूटी सवार युवक आया और छोटी बेटी मृणाल के गले पर चाकू टिका दिया। इसके बाद आरोपी धमकी देकर सोने की अंगूठी, चेन, टॉप्स छीनकर फरार हो गया। आरोपी ने धमकाते हुए सारे जेवरात देने की मांग करने लगा था। इसके बाद आरोपी स्कूटी लेकर उतई रोड की ओर फरार हुआ। अपने इंजीनियर पति की मदद से एआई तकनीक का इस्तेमाल कर आरोपी का एक फोटो बनाया है। चाकू की भी तस्वीर निकाली है। ये दोनों फोटो उन्होंने शिकायत के साथ पुलिस को दी है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिकायत मिली है। अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरो को खंगाला जा रहा है। उक्त जेवरातों की कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है।

### अब तक हो चुकी हैं लूट की 10 वारदात

नेवई थाना क्षेत्र में अब तक 10 लूट की वारदात हो चुकी है। दो दिन पहले ही युवक का शाम को मोबाइल छीनकर अज्ञात फरार हो गया है। इसके बाद एक युवक का पर्स लेकर आरोपी भाग निकला। इसी तरह वृद्ध को धक्का देकर अज्ञात ने गिरा दिया और उसके सामान को लूटने का प्रयास किया। उक्त सभी मामलों में पुलिस जांच में जुटी हुई है। आरोपियों की तलाश जारी है।




# हरिभूमि की खबर का असर: नहीं टूटेगा टंकी के लिए गरीब बच्चों का स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के शिक्षक नगर वार्ड बनियापारा स्थित पुत्री शाला प्राथमिक स्कूल अब नगरनिगम नही तोड पाएगा। विगत 18 मार्च को हरिभूमि की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा विभाग से बीईओ गोविंद साव बुधवार को स्कूल पहुंचे थे। इस दौरान नाराज पालको ने कहा कि, यह वर्ष 1906 से संचालित हो रहा हैं। इस स्कूल में गरीब बच्चे पढते है और यह हमारा धरोहर है। इस कथन के बाद बीईओ ने स्कूल भवन नही तोडने का प्रस्ताव तैयार किया हैं।

तिलक प्राथमिक पुत्री शाला स्कूल अंग्रेज शासन काल से संचालित है। यहां ज्यादातर गरीब परिवार के बच्चे पढते है। वर्तमान में यहां साठ से अधिक बच्चे अध्यनरत हैं। उल्लेखनीय हैं कि, शहर के शिक्षक नगर स्थित तिलक कन्या स्कूल पुत्री शाला स्वतंत्रता संग्राम से पहले बनाया गया है। विगत दिनों नगरनिगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल द्वारा शिक्षक नगर वार्ड स्थित तिलक कन्या प्राथमिक शाला स्कूल के भवन को तोडने के लिए शिक्षा विभाग से एनओसी मांगी गई थी। विगत 17 मार्च के इस आदेश को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी पालक शिक्षक संघ का बयान लेने पहुंचे और संघ ने इस स्कूल के स्वरूप में छेडछाड करने से मना कर दिया। पूर्व पार्षद मनीष यादव ने कहा कि, ऐतिहासिक स्कूलों को सहेजकर रखने है। इसे तोडना तो दूर बल्कि इसे मूल स्वरूप से भी छेडछाड नही किया जा सकता हैं। इसके लिए राज्य शासन ने सक्त निर्देश जारी किए गए है।

## पालकों ने कहा- इस स्कूल से हमारी भावनाएं जुड़ी हैं, तोड़ने का फैसल गलत

### निगम की जमकर हो रही किरकिरी

नगरनिगम आयुक्त द्वारा शिक्षा विभाग से मांगे गए एनओसी में लिखा था कि, यहां 1500 केएल की क्षमता की टंकी बननी है। इसके दायरे में स्कूल के भवन आ रहे हैं। इसे तोडने के लिए एनओसी जारी करने की मांग की गई थी। बुधवार को बीईओ गोविंद साव ने पालकों से बयान लिया, जिसमें स्कूल को तोडने के फैसले से पालक संघ नाराज हुए। आयुक्त ने इस कार्य के लिए विधायक गजेन्द्र यादव के निरिक्षण बाद टंकी बनाने के फैसले का हवाला दिया गया था। जिसके चलते निगम की जमकर किरकिरी हो रही हैं।



**बयान लिया गया**

नगरनिगम द्वारा मांगे गए एनओसी के आधार पर स्कूल भवन तोडने से संबंधित मामले की जांच की गई। पालको ने विरोध जताया है। ऐसे में स्कूल भवन नही तोडने का प्रस्ताव तैयार किया गया हैं। **-गोविंद साव,** बीईओ दुर्ग

### पालकों ने जताई लिखित आपत्ति

तिलक कन्या पुत्री शाला में आज विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पानी टँकी निर्माण के संदर्भ में जांच किया गया। इस विषय पर पालकगण भी उपस्थित हुए थे। पालकों ने अधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी और कहा कि, पानी टँकी के लिए ऐतिहासिक स्कूल को तोड़ना अनुचित है। जिसका हम विरोध करते हैं। पालकों ने अधिकारी को लिखित पत्र भी दिया। पूर्व पार्षद मनीष यादव ने भी अपनी बात रखी और सम्बंधित अधिकारी को स्कूल भवन तोड़ कर पानी टँकी निर्माण को अनुचित बताया हैं।

## खबर संक्षेप

### राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्टोरेट में 21 को

**दुर्ग।** कलेक्ट्रेट दुर्ग के सभाकक्ष में 21 मार्च को अपरान्ह 04 बजे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें डोर-टू-डोर सर्वेक्षण करते समय बीएलओ द्वारा मतदाता के नामांकन के संबंध में आवश्यक जानकारी सुनिश्चित करने के संबंध में मतदाता सूचियों की गुणवत्ता और शुद्धता में सुधार के लिए बीएलओ के रूप में पर्याप्त उच्चस्तरीय अधिकारियों की नियुक्ति, मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने संबंधी प्रशिक्षण, बूथ निर्वाचन स्थल पर मतदाता संबंधी मूलभूत जानकारी, ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को आसान बनाने के लिए उचित एएमएफ वाले मतदान केन्द्र एवं शहरी क्षेत्रों में मतदान को बढ़ाने के लिए ऊंची इमारतों के साथ-साथ कालोनियों में भी मतदान केन्द्रों की व्यवस्था, मतदाताओं की उचित पहचान सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संचार सुनिश्चित करने, आधार और मोबाइल नंबरों को जोड़ने के प्रयास इत्यादि विषय शामिल है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर दुर्ग में 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में निजी नियोजक स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा कस्टमर सपोर्ट एग्जीक्यूटिव, एग्जीक्यूटिव 150 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आयु सीमा 18 से 30 एवं शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची सहित अन्य दस्तावेज लेकर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में उपस्थित हो सकते हैं।

### दावा आपत्ति 28 तक

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के तहत 03 पालना केन्द्र की कार्यकर्ता और सहायिका नियुक्ति के संबंध में पात्र उम्मीदवारों की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। यह सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम दुर्ग के सूचना पटल पर भी चस्पा की गई है। आवेदिकाओं के संबंध में दावा आपत्ति 28 मार्च तक आमंत्रित की गई है। दावा आपत्ति करने वाले सक्षम दस्तावेजों के साथ परियोजना कार्यालय दुर्ग शहरी में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## विडंबना : गांवों में टैंकरों से सप्लाई की कवायद शुरु, हैडपंप भी सूखने लगे

# वाटर लेबल हो रहा डाउन, गांव में पेयजल की गहराने लगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

गर्मी बढने के साथ ही जिले में पेयजल की समस्या गहराने लगी हैं। तालाब जहां सूखने की स्थिति में हैं, वही बोरवेल्स का वाटर लेबल भी नीचे चला गया है। जिसके चलते पेयजल की समस्या सामने आने लगी हैं। हालात यह है कि टैंकरो के भरोसे गांव में पेजयल की व्यवस्था करने ग्रामीण जूटे हुए हैं।

दुर्ग में अब तक दर्जनभर से अधिक गांव में पेयजल की समस्या को लेकर पीएचई विभाग के पास शिकायत पहुंच चुकी हैं। चालीस मीटर से नीचे वाटर लेबल चले जाने पर अमूमन हैंडपंप काम करना बंद कर देता हैं। जानकारी अनुसार बोरीगारका, बोडेगांव, अंडा, चंदखुरी, निकुम, कुथरेल, कोलिहापुरी, विनायकपुर सहित बेमेतरा और बालोद जिले के गांव में भी पेयजल की समस्या सामने आ रही हैं। इधर दुर्ग मुख्यालय के समीप समोदा गांव में टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। हरिभूमि को ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर के जरिए पेयजल की सप्लाई की जा रही हैं।

**गांव में पहली बार टैंकरों से सप्लाई हो रही, चिंता में ग्रामीण**



### सिंचाई वाले बोर से टंकी भरने के निर्देश

पीएचई विभाग के एई पीएस ठाकुर ने बताया कि, अभी तक दर्जनभर से अधिक गांव में पेयजल की समस्या की जानकारी सामने आई हें। उन्होने बताया कि, वाटर लेबल नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप काम नही कर रहा हैं। ऐसे में विभाग द्वारा गांव में सिंचाई में उपयोग होने वाले बोरेवेल्स से टंकी को भरने की कवायद शुरू करने की तैयारी है। बहरहाल खेती के लिए भी पानी पर्याप्त नही हैं। ऐसे में येयजल का डिमांड पूरा करना चुनौती बन गया हैं।

### टंकी बनी, लेकिन सप्लाई नहीं

समोदा के ग्रामीणों ने बताया कि, गांव में जलजीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण हो चुका है, वही पाइपलाइन भी बिछ गई हैं। इसके बाद भी पीएचई विभाग द्वारा टंकी नही भरी जा रही है। भाजपा जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने बताया कि, टंकी में पानी भरने पर लिंकेज की समस्या हो रही है। निर्माण में गडबडी की शिकायत पीएचई से भी की गई है। यही कारण है कि, टंकी नही भरी जा रही है। वर्तमान में बोर से सप्लाई हो रही हैं। लेकिन वाटर लेबल नीचे जाने के कारण पानी पर्याप्त नही मिल रहा हैं। जिलेभर में टंकी बनने के बाद भी विभाग द्वारा अब तक सप्लाई शुरू नही की गई हैं।

### किसान नहीं कर पा रहे सिंचाई

मनाही के बाद भी जिले में इस बार धान का रकबा कम नही हुआ है। धान के फसल में पानी की खपत अधिक होती हैं। जिसके चलते गांव का तालाब भी तेजी से सूखता हैं और बोर का वाटर लेबल लगातार कम हो रहा हैं। यही कारण है कि, सिंचाई के लिए भी किसानों को पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा हैं। कृषक रविप्रकाश ताम्रकार ने बताया कि उनके खेत में स्थित 3 में से 2 बोर सूख गए। इससे 10 एकड़ में लगी मक्के की फसल सूखने के कगार पर है।

### छोडेंगे

तांदुला जलाशय से पानी छोडने की तैयारी है। आगामी 24 मार्च को दुर्ग जिले के तालाबों के लिए पानी छोडा जाएगा। तालाब भरने के बाद वाटर लेबल में सुधार होगा। **-आशुतोष सारस्वत,** ईई जल संसाधन विभाग दुर्ग

# शहर में संचालित कोचिंग सेंटरों की नहीं की गई आडिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिले में ऐसे संचालिक कोचिंग सेंटरों ओर सार्वजनिक निजी संस्थानों की सुरक्षा आडिट की जानी थी। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों को इसके लिए आदेश भी जारी किए गए थे। लेकिन निगम द्वारा जांच तो दूर टीम तक गठित नही किया गया हैं।

■ सभी कोचिंग सेंटर सहित सार्वजनिक स्थलों का सुरक्षा

जिलों के निकाय क्षेत्रों में स्थित कोचिंग सेंटरों सहित सार्वजनिक स्थलों की जांच के निर्देश जारी किए गए थे। जांच के लिए हर निकाय में तीन सदस्यीय टीम बनाने के भी निर्देश दिए गए थे। टीम के लिए एक महीने की डेडलाईन भी सुरक्षा ऑडिट के लिए तय किया था। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शासन के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आठ अगस्त को एक आदेश जारी किया गया था। इस आदेश में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नपा व नपं सीईओ को उनके क्षेत्र में कोचिंग सेंटर सहित सार्वजनिक स्थलों की जांच करने कहा गया था। बताया गया कि, इस दौरान उक्त स्थल में संपूर्ण तरह की जांच कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजना था। भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचने समिति द्वारा सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट के आधार पर संस्थानों में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने थे। निकायों में स्थित कोचिंग सेंटर सहित स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा ऑडिट करने को कहा गया था।

### इन बिन्दुओं में करनी थी जांच

सुरक्षा ऑडिट के दौरान फायर अलार्ट सिस्टम की स्थापना, आपातकालीन निकासी योजना, नियमित फायर ड्रिल्स, फायर हाइड्रेट सिस्टम व पानी की उपलब्धता, भवन का नियमित निरीक्षण और संरचनात्मक सुरक्षा, बिजली उपकरणों व वायरिंग की नियमित जांच, लिफ्ट एवं सीढ़ियों की सुरक्षा, भवन अनुज्ञा एवं भवन पूर्ण होने की स्थिति में भवन पूर्णता प्रमाण-पत्र व स्वीकृति, आपातकालीन नंबर, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के लिए नियमित प्रशिक्षण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, नियमित निगरानी के साथ ही सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की जांच करना था।

# गैर शिक्षकीय कार्यों में अटैच शिक्षकों को तत्काल रिलिफ करें : संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यों से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों की संबंधित स्कूलों में वापसी होगी। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान कहा कि, दुर्ग संभाग के अंतर्गत जिलों में गैर शिक्षकीय कार्यों से कार्यालयों में अटैच शिक्षकों को संबंधित स्कूलों में पदभार ग्रहण हेतु तत्काल भारमुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उनकी उपस्थिति शिक्षकीय कार्य हेतु संबंधित स्कूलों में कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार प्रदेश में मादक पदार्था की रोकथाम हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत स्कूलों के आस-पास ठेलों गुमटी में मादक पदार्थों की बिक्री न होने पाए। सहकारिता विभाग द्वारा पंचायतों को एक प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने हेतु मत्स्य समिति के अलावा दुग्ध समिति को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संयुक्त पंजीयक सहकारिता को इसके लिए दुग्ध संघ के एमडी को प्रस्ताव पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने संभाग के अंतर्गत मिलेट्स की फसलों की पैदावारी पर जोर देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी एवं कबीरधाम जिले में मिलेट्स फसलों की रकबा बढ़ाने आवश्यक पहल करने कहा। उन्होंने कहा कि संभाग अंतर्गत स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये जाएं। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से संबंधित नवनिर्मित भवन जो शासकीय मद से बने है ऐसे भवनों को तत्काल हैण्डओवर किया जाए और संबंधित विभाग द्वारा भवनों का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकायों में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु सड़कों पर पशु विचरण को नियंत्रित करने व सभी नगरीय निकायों में सॉलिड-लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के एप्रोच रोड सहित अन्य निर्माण कार्यों को कार्य योजना के तहत समयावधि में पूर्ण करायी जाए।

■ संभागायुक्त ने अधिकारियों की बैठक में की समीक्षा

## होली मिलन कार्यक्रम में जमकर थिरके भाजपाई



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी की रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह का कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुई। आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य रूप से सांसद विधायकगण, महापौर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अबीर तिलक लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी गई। साथ ही साथ ढोल नगाड़ों की थाप पर नाच गाकर अपनी खुशियां जाहिर किया। जिसमें प्रमुख रूप से महापौर अलका बाघमार, उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, सभापति श्याम शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत जिला अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, कुम्हरी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रितपाल बेल चंदन महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री माया बेल चंदन सह मीडिया प्रभारी आयुषी पांडे उपस्थित रहे।

# मूलभूत सुविधओं की बेहतर व्यवस्था होना आवश्यक : महापौर बाघमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

क्षेत्र के उचित विकास के लिए दुरुस्त मार्ग व्यवस्था, बेहतर सीवेज सिस्टम और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं का बेहतर होना बेहद आवश्यक होता है। इसलिए विकसित संरचनात्मक व्यवस्था का होना प्रगतिशील समाज के लिए बेहद आवश्यक है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, वार्ड पार्षद सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ आदित्य नगर वार्ड 20 में क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों की समस्याएं जानी।

■ महापौर ने साफ-सफाई का किया निरीक्षण

इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री दमाहे, पार्षद श्रीमती सुरुचि उमरे, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज साहू, मोहित मरकाम, तेखन सिन्हा, सहित नागरिक मौजूद रहें। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने बुधवार को आदित्य नगर वार्ड 20 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड की गलियों और चौक चौराहे का निरीक्षण किया। गलियों में गंदगी मिलने पर सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों को सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।



### नाली पर बने फारिंग तोड़ने के निर्देश

आदित्य नगर के कुछ हिस्सों में सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं है। वार्ड की नालियां कचरे से जाम मिली जिसे तत्काल साफ करवाने के निर्देश दिए। साथ ही साथ लोग अपने घर के पास नालियों के ऊपर फॉरिंग कर रखा है। जिसके चलते स्थानीय निवासियों के लिए आने जाने में बाधा उत्पन्न होती है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर नाली के ऊपर फॉरिंग को तोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने आदित्य नगर में जहाँ नाली नही है वहाँ नाली निर्माण को प्रस्तावों में लाने की बात कही।

### दुकान के बाहर रखे सामान हटवाए

कुशाभाऊ ठाकरे भवन के सामने आदित्य नगर चौक दुकान के बाहर समान रखने वालों से सामान हटवाया गया। जुर्माना लगवाए, वहीं चौक चौराहों सड़क पर किसी भी ठेले को न लगने देने की बात कही। आदित्य नगर शिव मंदिर के अपने अपने घरों के सामने रहवासियों द्वारा अवैध तरीके से सड़क सीमा पर जाली व लोहे का गेट लगवाया गया है, तत्काल नोटिस जारी कर हटवाने के निर्देश दिए। आदित्य नगर पानी टंकी के नीचे सम्पवेल में लोहे का जाली लगवाने एवं पंप हाउस का रिपेयरिंग कार्य के अलावा जहाँ जहाँ डेमेज बाउंड्रीवाल को मरमत करने की बात अधिकारियों से कही।

# ऑनलाइन ई-एमबी मॉड्यूल से किया जा रहा कार्यों का मूल्यांकन व सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में मनरेगा के तहत 100 प्रतिशत कार्यों का मूल्यांकन ई-एमबी ;लेक्ट्रॉनिक मेजरमेंट बुक के माध्यम से 10 मार्च से शुरू किया गया है। इस नए व्यवस्था के तहत अब सभी निर्माण कार्यों का मूल्यांकन और सत्यापन ऑनलाइन ई-एमबी मॉड्यूल से दर्ज किया जाएगा। जि ला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे से मिली जानकारी अनुसार ई-एमबी मॉड्यूल के तहत किसी भी निर्माण कार्य का मूल्यांकन, सत्यापन और बिल भुगतान सीधे इस मॉड्यूल में किया जाएगा। बिना इस मॉड्यूल के बिल मूल्यांकन और सत्यापन के मस्टर रोल और बिल का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संबंधित तकनीकी सहायक, उप अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी को लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्रदान किए गए हैं और सभी को डीपीसी डिस्ट्रिक्ट पंचायत कोऑर्डिनेटरद्ध द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया है। माप पुस्तिका मेजरमेंट बुक निर्माण कार्यों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें सभी कार्यों की माप, सामग्री की मात्रा, श्रमिकों का समय और अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज रहती है। बाद कार्य का सत्यापन और मूल्यांकन अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ऑनलाईन किया जाएगा। फिर भुगतान के लिए भेजा जाएगा।

■ निर्माण कार्य का मूल्यांकन सत्यापन होगा माड्यूल से



## सफाई अभियान के जरिए लोगों को किया गया जागरुक

# महापौर-आयुक्त सहित नागरिकों ने की तालाब की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को वार्ड 18 शक्ति नगर, जवाहर नगर स्थित शक्ति तालाब की सफाई की गई। जिसमें महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने तालाब के आस-पास फैले जलकुंभी और कचरे को निकालने फावड़ा उठाया। वहीं सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, लोक कर्म विभाग प्रभारी व वार्ड पार्षद देव नारायण चन्द्राकर का सैकड़ों लोगों ने सहयोग करने हाथ बढ़ाया।

■ नागरिकों ने तालाब सफाई का लिया संकल्प



तालाब सफाई अभियान में एमआईसी सदस्य लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, राजस्व विभाग प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, गरीबी उन्मूलन समाज कल्याण विभाग प्रभारी शिव नायक, पार्षद श्रीमती सावित्री दमाहे, पार्षद सुरुचि उमरे, अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा के अलावा सहायक अभियंता संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज साहू, मोहित मरकाम, तेखन सिन्हा, जिंतेंद्र सिंह राजपूत आदि शामिल हुए।

उन्होंने निगम अधिकारियों से कहा कि नागरिक की शिकायत दूर हो यही उनकी प्राथमिकता है। सफाई अभियान के बाद महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने तालाब के आस-पास के क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने तालाब के किनारे खाली जगह पर पौधरोपण करने निर्देश दिए।

### पार्षद व नागरिक भी जुटे तालाब सफाई में

उन्होंने नागरिकों से चर्चा की। फिर तालाब को साफ करने आम लोगों से सहयोग की अपील की। महापौर और वार्ड पार्षद का सयोग करने आम लोगो सहज रूप से तैयार हो गए। महापौर, सभापति, कमिश्नर एमआईसी, पार्षद और निगम अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ मिलकर तालाब से पालीथिन को तालाब से बाहर निकाला गया। दो घंटे से अधिक समय तक चले इस अभियान में टैक्टर ट्राली भरकर कचरा निकाला गया। महापौर श्रीमती अलका बाघनर ने अंत में शहर के प्रत्येक तालाब को साफ रखने नागरिकों को सजग रहने कहा।

## खबर संक्षेप

### जितेन्द्र बने युवा स्वर्णकार संघ भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष

**भिलाई।** युवा स्वर्णकार संघ भिलाई-दुर्ग की बैठक जुबली पार्क सेक्टर-6 भिलाई में सम्पन्न हुई। इसमें युवा स्वर्णकार संघ भिलाई-दुर्ग नई कार्यकारिणी का शपथ



ग्रहण कार्यक्रम हुआ, जिसमें समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र कन्नौजे, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सोनी, उपाध्यक्ष सनत कुमार सोनी, महासचिव अनिल कुमार सोनी, एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, सहसचिव शिरिष कुमार सोनी, प्रकाश सोनी, अंकेक्षक जुगल पालिया, राम कुमार सोनी, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम सोनी, प्रवीण सोनी समाज के पदाधिकारी बनाए गए। इसमें समाज के सम्मानित संस्थापक सदस्य लालजी सोनी, राजेन्द्र कन्नौजे, समाज के प्रथम अध्यक्ष बोधी लाल सोनी, मधु स्वर्णकार, संतोष कुमार सोनी उपस्थित थे।

### उचित मूल्य की दुकानें अब खुलेगी रोज मर्रा की तरह

**उतई।** नगर पंचायत उतई में नगर सरकार के मंत्रिमंडल के गठन के पूर्व ही अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू तथा उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख ने आमजन के प्रति अपनी महती जवाबदारियों के प्रति जागरूकता के साथ एक्शन मोड पर आकर कार्य करना शुरू कर दिया है । नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों ने मिलकर राजनीति से ऊपर उठकर आमजन के हित में फैसला लेते हुए अचानक नगर में संचालित दो उचित मूल्य की दुकानों के संचालक रामखिलावन साहू और अंचल वर्मा को बुलाकर अपने फैसले से अवगत कराते हुए धरातल पर उसे उतारते हुए रोज मर्रा की अन्य दुकानों की तरह ही रोजाना सुबह 9 से संध्या 5 बजे तक उचित मूल्य की दुकानें खुली रखने का निर्देश दिया जिस पर दुकान संचालकों ने भी सहमति जताते आदेश का पालन करने की बात कही ताकि आमजन को आज तक हो रही परेशानियों से निजात मिल सके ।साप्ताहिक अवकाश हेतु सोमवार का दिन निर्धारित किया गया।मंगलवार से रविवार तक रोजाना अब नगर के उचित मूल्य की दुकानें सुबह 09 बजे से संध्या 05 बजे तक खुली रहेंगी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख एवं पार्षद सोनू राजपूत, सुनीता चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## निधन

### परशुराम सिंह

**भिलाई।** वीडियो जर्नलिस्ट सूरज



सिंह के पिता परशुराम सिंह उम्र 64 वर्ष का निधन बुधवार को एम्स रायपुर में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास चरोदा दादर से चरोदा बस्ती मुक्तिधाम के लिए निकली जहां उनका उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## शासकीय कॉलेज पाटन में अंग्रेजी में कम्युनिकेशन कार्यक्रम आयोजित

# अंग्रेजी भाषा हमारे चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाती है: डॉ. वसंथाकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर आर्ट्स एवं साइंस कॉलेज मे अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी मे कम्युनिकेशन के संदर्भ में प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग पी वसंथाकला थीं जो कि पाटन महाविद्यालय मे पूर्व सहायक अध्यापिका रह चुकी है जो कि वर्तमान मे शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई मे शिक्षण कर रही है। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप मे महाविद्यालय परिवार की प्राचार्य डॉक्टर नंदा गुरुवारा, अंग्रेजी विभाग के विभागध्यक्ष सहायक अध्यापक शैलेश कुमार मिश्रा, सहायक अध्यापिका रागिनी साहू, अतिथि शिक्षक डॉक्टर परमानन्द सिन्हा एवं मनमोहीहन साहू डॉक्टर साधना राहटगांवकार सहायक प्राध्यापिका हिंदी साथ

**अंग्रेजी भाषा हमारी वैश्विक भाषा बन चुकी है**



अंग्रेजी विभाग के छात्र छात्राएं आराधना साहू, हेमवर्षा निषाद, प्रवीण कुमार, शुभम कुमार, टामेश ठाकुर, भूमिका साहू, नम्रता गिलहरे, गौरव जोशी, वर्षा साहू, आशीष चंद्राकर, गोपीचंद देवांगन एवं बीए, बीकॉम के छात्र उपस्थित थे।

वसंथाकला कहती है कि भाषा हमारे जीवन मे जीवन मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है चाहे वह कोई भी भाषा हो।

अंग्रेजी भाषा आज एक सामान्य भाषा के रूप मे बन गया है जो विषय कि किताबे हमें हिंदी मे नहीं मिल पाती वहां अंग्रेजी में उपलब्ध होती है। साथ ही सभी विषयों की किताबें अंग्रेजी भाषा मे आने लगी है और यही भाषा आज हमारी वैश्विक भाषा बन चुकी है। अगर आप अंग्रेजी भाषा जानते है तो आपको समाज मे एक अलग दर्जा दिया जाता है। इस भाषा से हम किसी अन्य भाषा के कला और संस्कृति को जान सकते है भाषा हमें हमारे जीवन में एक नया मार्ग दिखाती है साथ ही दैनिक जीवन मे हम अंग्रेजी भाषा का उपयोग कर रहे हैं। वे आगे कहती है कि अंग्रेजी भाषा सीखने के 4 मुख्य चरण होते है जिसमे पढ़ना, लिखना, बोलना, सुनना ये चार चरण हमारे अंग्रेजी सीखने मे सहायक होता है साथ ही बार बार अभ्यास करने से भाषा कि महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है इससे हमें भाषा की विभिन्न जानकारियां प्राप्त होती है।

## अंचल की खबरें

### नाराजगी: पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी



**धमधा।** प्रदेश पंचायत सचिव संघ रायपुर छत्तीसगढ़ के आह्वान पर अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई धमधा द्वारा 17 मार्च को विधानसभा घेराव के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात बीते 18 मार्च से जनपद पंचायत धमधा के सामने स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन में बैठ गए हैं। पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई धमधा के अध्यक्ष नरेश कुमार साहू द्वारा जानकारी दी गई कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के पूर्व भाजपा की घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की बात शामिल किया गया है। जिसका साक्ष घोषणा पत्र के संयोजक जिला दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल द्वारा जारी वीडियो प्रदर्शनी है। साथ ही पंचायत सचिव के स्थापना दिवस जिसे सचिवों द्वारा सचिव मिशन के रूप में मनाया जाता है उसके अवसर में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा कहा गया है कि अब पंचायत सचिव का शासकीयकरण मोदी की गारंटी में शामिल है जो कि पृथक से घोषणा की आवश्यकता नहीं है जिसे करना हमारा कर्तव्य है। बावजूद आज सरकार को छत्तीसगढ़ में लगभग डेढ़ साल के अंदर कार्यकाल हो गया है आज तक सचिवों के शासकीयकरण को लेकर कोई भी ठोस कदम सरकार के द्वारा नहीं उठाया जा रहा है जिसके चलते अनिश्चितकालीन हड़ताल करके शासकीय कारण की मांग कर रहे हैं।

- कहा-जब तक शासकीय करण नहीं किया जाएगा आंदोलन करेंगे

### किचन गार्डन की सुरक्षा के लिए विद्यालय को मिला फेंसिंग पोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़ को प्रधानपाठक विरेन्द्र कुमार साहू के प्रयास से विद्यालय में कीचन गार्डन की सुरक्षा के लिए फेंसिंग पोल पन्द्रह नग श्री सुरेश निषाद पूर्व जनपद सदस्य बठेना के द्वारा विद्यालय को दान में दिया गया। विद्यालय में कीचन गार्डन का निर्माण किया गया है जहां पर विभिन्न प्रकार की फलदार वृक्ष, पेड़,फूल, एवं सब्जियां लगा हुआ है। कीचन गार्डन से प्राप्त सब्जी बच्चों की माध्यन्ह भोजन में पकाकर पौष्टिक भोजन के रूप में खिलाया जाता है। संस्था के प्रधानपाठक विरेंद्र कुमार साहू, योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, ललिता कोसरिया, सत्यवती मारकंडे, कृष्णा यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चेतन वर्मा एवं सदस्य गण, वर्तमान सरपंच रजनी रामकुमार कुर्रे एवं पंचगण, पूर्व सरपंच यामिनी शेखर वर्मा, पालकगण सभी ने दानदाता के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## पाटन नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष और पार्षदों को चुनाव पर्यवेक्षक जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू और नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रबन्धन समिति के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने मार्गदर्शन दिया। भाजपा ने उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया एक सप्ताह पहले ही शुरू कर दी थी। भाजपा पर्यवेक्षक दिलीप साहू ने भाजपा के समस्त अध्यक्ष-पार्षदों और पाटन के वरिष्ठ नेताओं से सामूहिक विचार विमर्श किया तत्पश्चात अध्यक्ष-पार्षदों और वरिष्ठ नेताओं से वन टू वन चर्चा करके रायशुमारी की और प्रदेश तथा जिला संगठन को अवगत कराया। व्यापक मंथन के बाद प्रदेश एवं जिला संगठन ने निशा सोनी के नाम पर मुहर लगाई तत्पश्चात पर्यवेक्षक दिलीप साहू ने उन्हें भाजपा का प्रत्याशी अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया साथ ही भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी निशा सोनी के पक्ष में मतदान करने

- निशा सोनी बनी पाटन नगर पंचायत की उपाध्यक्ष



के लिए व्हिप जारी किया। व्हिप जारी करने से पहले जिला भाजपा उपाध्यक्ष और पर्यवेक्षक दिलीप साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुशासित पार्टी है और हर कार्यकर्ता से अनुशासन की अपेक्षा रखती है। पाटन में लगातार भारतीय जनता पार्टी जीत का इतिहास रच रही है, इस सिलसिले को बरकरार रखते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाएं। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रबन्धन समिति के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि नगर पंचायत में उपाध्यक्ष के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अपने प्रत्याशी को जीत दिलाकर पाटन नगर में भाजपा का आधार मजबूत किया ताकि भाजपा पूरी शक्ति से पाटन नगर पंचायत का विकास कर सके। पर्यवेक्षक व जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू और नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये की निगरानी में नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में पार्षदगण सामूहिक रुप से जनपद कार्यालय पंहुचे और भाजपा की अधिकृत उपाध्यक्ष प्रत्याशी के लिए मतदान किया। उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने 15 में से 9 वोट हासिल करके शानदार जीत दर्ज की और निशा सोनी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई। चुनाव जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ कर और मिठाइयां बताकर जमकर खुशियां मनाई। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, चुनाव संचालक गंगादीन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्णा भाले, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, खेमलाल साहू आदि उपस्थित थे।

### सांकरा में ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक



**पाटन।** ग्राम सांकरा के उपस्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक रखी गई। इस प्रथम बैठक में सरपंच रवि सिंगौर विशेष रूप से मौजूद थे, जिसका मितानिन समिति ने स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करने जो भी पहल ग्रामीण स्तर किया जाना जरूरी होगा वह सभी कार्य किया जाएगा। बैठक में सरपंच रवि सिंगौर ने बेहतर स्वास्थ्य और चिकित्सा, साफ-सफाई के विषय पर चर्चा करते हुए नर्स व मितानिन समूह को अवगत कराया गया। इस अवसर पर सीएचओ दिव्या सिंह, दुलेश्वरी सिंगौर, सीता बाई, कुलईया, परमेश्वरी, सुशीला शर्मा, गंगाबाई सिंगौर, पूजा बंजारे, विकटोरिया निर्मलकर, दूरपती, पार्वती यादव, सहेबिन खर्रे, कामता सिंगौर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करने का लिया निर्णय

### झेरिया धोबी समाज भिंभौरी परिक्षेत्र की बैठक आयोजित

**भिलाई।** झेरिया धोबी समाज भिंभौरी परिक्षेत्र के सचिव टीकाराम निर्मल ने बताया कि ग्राम गुधेली में 9 मार्च को झेरिया धोबी समाज भिंभौरी परिक्षेत्र का कार्यकारणी बैठक हुआ। जिसमें झेरिया धोबी समाज के अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मल, उपाध्यक्ष डागेश निर्मल, कोषाध्यक्ष पंचराम निर्मल, उपकोषाध्यक्ष परमेश्वर निर्मल, जिला कार्यकारिणी सदस्य समारु निर्मल, भुखन निर्मल, खिलेश निर्मल, महिला धोबी समाज अध्यक्ष चमेली निर्मल आजूराम निर्मल, सुकदेव निर्मल, विश्वनाथ निर्मल, कृपाराम निर्मल आदि उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का वार्षिक सम्मेलन ग्राम गुधेली में 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू एवं कार्यक्रम का अध्यक्षता झेरिया धोबी समाज भिम्भौरी परिक्षेत्र के अध्यक्ष शशि प्रकाश निर्मल करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, अनिल रजक जिला बेमेतरा धोबी समाज अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष मेघनाथ निर्मल, जनपद सदस्य मानसिंह, सरपंच सीमा परमेश्वर निषाद, उप सरपंच पंकज वर्मा होंगे। कार्यक्रम शुभारम्भ सुबह 8 बजे रंगोली प्रतियोगिता, 9 बजे दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा एवं 10 बजे नव नियुक्त पंच, सरपंच, पार्षद का सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात समाज सुधार हेतु सामाजिक चर्चा होगा वहीं अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन का कार्यक्रम होगा जिसके बाद में प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जावेगा इसके पश्चात कोषाध्यक्ष पंचराम निर्मल द्वारा आय-व्यय प्रस्तुत करेंगे।

- वार्षिक सम्मेलन व नव नियुक्त पंच, सरपंच, पार्षद सम्मान समारोह

### होली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक ललित

**भिलाई।** इस्कॉन दुर्ग प्रचार केंद्र द्वारा अग्रवाल भवन में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण



उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। इस पावन अवसर पर आनंद श्याम दास प्रभु का आशीर्वाद ग्रहण किया एवं भगवान चैतन्य महाप्रभु की दिव्य जीवन गाथा श्रवण करने का शुभ अवसर मिला। यह भक्तिमय संगम मन को शांति एवं आनंद से भरने वाला अनुभव रहा।इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा आज हम होली के रंगीन और आनंदमयी पर्व का जश्न मना रहे हैं। यह पर्व हमें प्रेम, सौहार्द, और एकता का संदेश देता है। होली का पर्व हमें अपने जीवन में रंग, आनंद, और उत्साह लाने का अवसर प्रदान करता है। होली का पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि जीवन में अच्छाई और बुराई का संघर्ष हमेशा रहता है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष से की मुलाकात

**जामगांव आर।** जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, भाजपा जामगांव आर मंडल निवर्तमान अध्यक्ष लालेश्वर साहू, भाजपा युवा मोर्चा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे से सौजन्य भेंट कर सम्मान किए।




## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल,




पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## नवनिर्वाचित महापौर, पार्षदों व एमआईसी मेंबर ने देखी छग विधानसभा की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग के नव निर्वाचित महापौर व पार्षद व एमआईसी मेंबर ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखा और उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा से सौजन्य मुलाकात किया। स्वागत अभिनंदन कर आभार जताया।

- जनकल्याण के लिए काम करने का किया आह्वान

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव ने नवनिर्वाचित महापौर पार्षद गणों को नए दायित्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया और जन कल्याण के लिए काम करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवनिर्वाचित महापौर एवं एमआईसी सदस्य को बधाई देते हुए उनसे जनकल्याण के लिए काम करने आवाहन किया । जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर अपने अपने कार्य



क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। और निश्चित रूप से दुर्ग शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और क्षेत्र की प्रगति में एक नया आयाम जोड़ने का कार्य करेगी इस अवसर पर महापौर दुर्ग अलका बाघमार, सभापति दुर्ग श्याम शर्मा, एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, लीलाधर पाल, निलेश अग्रवाल, चन्द्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, लीना देवांगन, नरेन्द्र बंजारे, मनीष साहू, शशि साहू, शिव नायक, प्रकाश कुअहीर, हेमंत गोयल, दिनेश देवांगन, प्रशांत अग्रवाल, दिनेश, रजनीश श्रीवास्तव, उमेश गिरी, जितेन्द्र सिंह राजपूत, नीलेश जैन, सुरेंद्र दास मानिकपुरी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**-: शपथपत्र:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, कुमार चंद्राकर पिता गिरजाशंकर चंद्राकर, निवासी- मकान नं.-257, वार्ड नं.-11, एयरटेल टॉवर, बस्ती पारा ग्राम रिसामा दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 491221 यह सत्यापित करता हूँ कि मेरा नाम संतोष कुमार चंद्राकर पिता गिरजाशंकर चंद्राकर था, जिसे मैंने परिवर्तित कर कुमार चंद्राकर पिता गिरजाशंकर चंद्राकर, रख लिया हूँ अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे कुमार चंद्राकर पिता गिरजाशंकर चंद्राकर, के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावें ।

शपथकर्ता
कुमार चंद्राकर
पिता गिरजाशंकर चंद्राकर,
निवासी- मकान नं.-257, वार्ड नं.-11, एयरटेल टॉवर, बस्ती पारा ग्राम रिसामा दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 491221

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
क्रमांक/203/प्रस्तुतकार/ विवाह अधि. /2024-25 दुर्ग, दिनांक / /2025
फार्म-अ
सार्वजनिक सूचना
(विषय- 6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि **आवेदक-** चंदन निर्मलकर पिता तुलाराम निवासी ग्राम उफरा झीट, तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) 491111, **आवेदिका-** श्वेता निर्मलकर पिता शत्रुहन निर्मलकर निवासी (1) 501 दंतेश्वरी पारा वार्ड क्र. 16 कुम्हारपारा डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) 491445 (2) MN 78 वार्ड 2 ग्राम चंदखुरी जिला- दुर्ग (छ.ग.) 491221 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 16/04/2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अपर कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी दुर्ग

## खबर संक्षेप

### माना आभार



**भिलाई।** मेयर-इन-काउंसिल भिलाई के प्रभारी सदस्य के रूप में वार्ड नं 35 के पार्षद इंजीनियर सलमान ने नियुक्ति के बाद महापौर नीरज पाल के प्रति आभार व्यक्त करने मुलाकात की। नवनियुक्त सदस्य ने महापौर को पुष्प गुच्छ भेंटकर आभार जताया। नीरज पाल ने सलमान को मेयर इन काउंसिल में संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग का प्रभार दिया है।

### कंपनी के गोदाम से 6.57 लाख की चोरी

**भिलाई।** कंपनी के गोदाम से लाखों रुपए का सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हथखोज इंडस्ट्रीयल एरिया में पिकाजी एनर्जी प्रा. लि नाम से कंपनी है। जिसकी संचालक ओम सांई नगर उमरपोटी दुर्ग निवासी डा. सुषमा दीपिका है। पिछले वर्ष 16 नवंबर की शाम करीब 4.30 बजे से 18 नवंबर की सुबह 10 बजे के मध्य कंपनी के भीतर गोदाम के शटर में लगे ताले को तोड़कर दो कंपनी पिकाजी एनर्जी प्रा. लि. और पिकाजी बिजनेश डाटामेंटक्स प्रा. लि. के ओएलटी, ओएनटी, फाइबर, सरवर, डीडीआर, एमसीबी, स्विच गियर, केबल, क्वालिफिकेशन कार्ड समेत अन्य सामान चोरी कर हो गए।थ जिसकी कीमत 6.57 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### खेत में मिली युवक की लाश

**भिलाई।** मक्के के खेती में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना में पुलिस जांच में जुटी हुई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि सिरसा कला से देव बलोदा जाने वाले मार्ग पर स्थित खेत में अज्ञात युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेश ध्रुव अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचा। शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा और आसपास निरीक्षण किया। शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### विश्व जल दिवस पर कलामंदिर से निकलेगी जागरुकता रैली

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचई) अनुभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य प विशेष कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आयोजित है। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि हैं। जल संरक्षण और प्रबंधन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली सुबह 9 बजे सेक्टर 5 स्थित 'आई लव यू भिलाई' स्थल से प्रारंभ होकर सेंट्रल एवेन्यू रोड से होते हुए महात्मा गांधी कला मंदिर परिसर में संपन्न होगी। रैली के बाद 11:30 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भिलाई टाउनशिप में जल वितरण एवं संबंधित सेवाओं में कार्यरत ठेका श्रमिकों को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# प्रवर्तन विभाग की टीम ने तीन हजार वर्ग फीट जमीन से हटाया कब्जा

## एचएससीएल कालोनी में लंबे समय से बीएसपी की जमीन पर किया था अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा बुधवार को एचएससीएल कालोनी, रूआबांधा स्थित बीएसपी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई एस्टेट न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेशों के निर्देश पर की गई। बाउंड्रीवाल से लगे अवैध कब्जे को हटाया गया।

अवैध कब्जाधारियों द्वारा हाई कोर्ट के निर्देशों का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण निष्कासन की यह कार्यवाही प्रारंभ की गई। पूरी कार्रवाई कार्यपालक दंडाधिकारी वसुमित्र दीवान के निर्देशन में तथा कोतवाली थाना के पुलिस बल की उपस्थिति में हुई। भूमि विभाग द्वारा चिन्हांकित अतिक्रमित क्षेत्रें में अवैध निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान भवन की चारदीवारी से सटी 3,000 वर्ग फीट भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

बेदखली कार्रवाई भूमि अनुभाग, प्रवर्तन शाखा, टाउन इंजीनियरिंग तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न की गई। इस दौरान बीएसपी के भूमि अनुभाग के सहायक प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, डाकेश्वर पारगनिहा, त्रिभुवन कौशिक, दामोदर राव, टाउन इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी श्रीधर, जन स्वास्थ्य विभाग के सहायक प्रबंधक मुकुंददास माणिकपुरी, प्रवर्तन शाखा के अधिकारी व कर्मचारी, सुपरवाइजरी स्टाफ एवं सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।



### जारी रहेगी बेदखली कार्रवाई

बीएसपी टाउनशिप में नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन विभाग द्वारा बेजा कब्जाधारियों के खिलाफ निरंतर शिकंजा कसा जा रहा है। अब तक टाउनशिप और खुर्सीपार आदि से बीएसपी की जमीन से कई कब्जे हटाए जा चुके हैं। वहीं कई बीएसपी क्वार्टरों को भी कब्जामुक्त कराया जा चुका है। विभाग द्वारा दलालों व कब्जाधारियों को खिलाफ बेजा कब्जा हटाओ मुहिम आगे भी जारी रहने की बात कही है।

## सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक से की असमंजस दूर करने परामर्श की मांग

# शेयर बाजार में गिरावट से रिटायर हो रहे बीएसपी कर्मियों की बढ़ीं धड़कनें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शेयर बाजार में गिरावट का खामियाजा सेल के सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। कर्मियों की बढ़ती चिंता को देखते हुए यूनियनों द्वारा बीएसपी प्रबंधन से एनपीएस गिरावट को लेकर कर्मियों के असमंजस को दूर करने और इसके लिए विशेषज्ञों की टीम गठित किए जाने की मांग की गई है। साथ ही कर्मियों के बीच पूर्ण जानकारी साझा करने के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों को एचआरएलएंडडी में शामिल किए जाने की मांग की गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के दबाव के चलते कार्मिक विभाग के कहने पर प्राण अकाउंट बनाकर कर्मियों ने कार्मिक विभाग को सौंपा एवं कार्मिक विभाग ने उचित कार्यवाही करवाकर वेतन समझौता के दौरान पेंशन फंड में दिए जाने वाले राशि को एनपीएस में भेजना शुरू करवाया था। यह शेयर मार्केट के अधीन रहता है और वर्तमान में शेयर बाजार बहुत ज्यादा गिरावट पर है। इसके चलते एनपीएस में जमा राशि में भारी गिरावट हो गई है ।सेवानिवृत हो रहे कर्मी संशय में है कि वे क्या करें। सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध से मिलकर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का विभागीय परामर्श दिलाने और इसके लिए विशेषज्ञों की टम मांग की है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि बीएसपी कर्मचारियों के एनपीएस एकाउंट में संयंत्र प्रबंधन द्वारा निर्धारित राशि जमा किया जाता है । कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर एनपीएस में संचित निवेशित राशि निकाल कर पेंशन उपलब्ध कराने वाले फंड आपरेटरो के माध्यम से पुनः निवेश किया जाता है। यह व्यवस्था पूर्णतः शेयर बाजार के उतार चढ़ाव पर निर्भर रहता है। शेयर बाजार के बढ़ने घटने के अनुसार संचित हो रही एनपीएस की राशि भी बढ़ती घटती रहती है। जिसके कारण कर्मियों को शेयर बाजार आधारित लाभ या नुकसान उठाना पड़ता हैं ।

## एनपीएस में जमा राशि में गिरावट से होगा नुकसान



### अधिकांश नहीं जानते राशि निकालना है या नहीं

संयंत्र में कार्यरत एवं सेवानिवृत हो रहे अधिकांश कर्मियों को यह ज्ञात नहीं है कि यदि शेयर बाजार अत्यधिक गिरावट की स्थिति में है, तो एनपीएस में निवेशित राशि (जो शेयर बाजार के जोखिमों के अधीन होने के कारण अपनी मूल से बहुत ज्यादा घट गई है) को सेवानिवृत होने के साथ ही निकाल लेना चाहिए या शेयर बाजार के गिरावट से होने वाले नुकसान से बचने के लिए कुछ दिनों अथवा महीनों के लिए एनपीएस खाते में ही निवेशित रहने के लिए छोड़ देना चाहिए और पुनः शेयर बाजार के लाभ की स्थिति में आने पर पेंशन के लिए आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए । इस मामले में जानकारी के अभाव में सेवानिवृत्त कर्मियों में संशय की स्थिति बनी रहती है।

### परामर्श के लिए गठित हो विशेषज्ञों की टीम

सेवानिवृत्ति से पूर्व एचआएलएंडडी विभाग में सेवानिवृत्त होने पर संचित राशि को अलग-अलग माध्यमों में निवेश करने की योजनाओं की जानकारी देने के लिए क्लास आयोजित किया जाता है। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को उनके संचित राशि के सही निवेश के संदर्भ में उचित सलाह देने के लिए आयोजित किए जाने वाले क्लास में संयंत्र के तरफ से विशेषज्ञ अधिकारियों कर्मचारियों की टीम नियुक्त की जानी चाहिए, ताकि सेवानिवृत हो रहे कामगार वित्तीय निवेशक एजेंट के चुंगल में फंसे बिना अपने पूंजी के निवेश के लिए सही निर्णय ले सके। साथ ही एनपीएस में संचित निवेशित राशि को शेयर बाजार के गिरावट की स्थिति में निकालने या कुछ समय छोड़ने के सम्बन्ध में भी परामर्श दिया जाना चाहिए। सीटू ने कहा कि संयुक्त ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को भी एनपीएस से जुड़े नियमों की जानकारी के लिए एचआरएलएंडडी में क्लास में शामिल किया जाए। ताकि कर्मियों के बीच पूर्ण जानकारी साझा किया जा सके।

# मुर्गियों को लाठी से पीटकर मारा, पुलिस में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा ग्राम जेवरा के एक किराना व्यवसायी की दुकान में आगजनी की घटना के बाद पुनः 15 दिन के भीतर 18 मार्च मंगलवार की रात जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र में फिर आगजनी की घटना हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सिरसा खुर्द के मुर्गीफार्म में 5 सौ देशी नश्ल के सोनाली जिंदा मुर्गियों को अज्ञात ने लाठी-डण्डों से पिटकर मारा गया। मुर्गीफार्म मालिक को 2.50 से 3 लाख रुपये नु नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सिरसा खुर्द बाजार चौक निवासी अरविंद सार्वे की मुर्गीफार्म के चौकीदार 18 मार्च की की रात के बाद अपने घर सोने चला गया। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर अरविंद ने पुलिस को खबर दी।



## एमआईसी के बजट पर आज होगी चर्चा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बजट बैठक आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। नगर निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त व सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा महापौर परिषद के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में महापौर नीरज पाल को बजट विचारर्थ हेतु प्रस्तुत किया गया। 20 मार्च को दोपहर 12 बजे महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा आयुक्त के उपस्थिति में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर संबंधित अधिकारियो की उपस्थिति में चर्चा की जायेगी।

महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, इंजीनियर सलमान, नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अनिल सिंह, रवि सिन्हा, संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, सुनील जैन, राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना प्रभारी रीता चतुर्वेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उपअभियंता बसंत साहू, देवराज राजपूत, प्रकाश गढपाले आदि उपस्थित रहे।

## सेल अधिकारियों के सीआर का यूनियनें भी करें विरोधः गजेंद्र सिंह

**भिलाई।** वरिष्ठ इंटक नेता गजेंद्र सिंह ने अधिकारी व श्रमिक संगठन मिलकर करें निजीकरण की खिलाफत छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के प्रांतीय सचिव और वरिष्ठ श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह ने सेल के अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के निर्णय का विरोध करते हुए इस निर्णय की वापसी की मांग को लेकर सेफी के आह्वान पर आफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है। उन्होंने 11 अधिकारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति को सेल प्रबंधन का तानाशाहीपूर्ण कदम बताते हुए इसके खिलाफ श्रमिक संगठनों और अधिकारी संगठनों को एकजुट होकर विरोध किए जाने की अपील की है। श्री सिंह ने जारी बयान में कहा है कि सेल के 11 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति के नाम पर जबरिया घर बिठाने के कदम की शुरुआत से अधिकारियों के साथ अब कर्मियों पर भी शिकंजा कसना शुरु हो जाएगा। अधिकारियों की तरह आगे अब कर्मियों को भी अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने का सिलसिला शुरु हो सकता है। उच्च प्रबंधन के इस फैसले से अधिकारियों, कर्मियों का मनोबल गिरेगा और सेल के उत्पादन पर असर पड़ेगा। प्रबंधन द्वारा यह कदम केंद्र सरकार की सार्वजनिक उपकरणों के निजीकरण किए जाने की नीति के तहत उठाया जा रहा है। इंटक गजेंद्र सिंह नेता ने प्रबंधन से अनिवार्य सेवानिवृत्ति को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अब जरुरत है कि निजीकरण और कर्मचारी व अधिकारी हितों को लेकर अधिकारी संगठन व यूनियनें एक मंच पर आकर पुरजोर विरोध करें।



## रामदरबार चौक में ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक से टकराई कार एयर बैग खुलने से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव

शहर के रामदरबार के समीप मंगलवार की रात लगभग 10 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने किआ कार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे कार का पीछे से दाहिना हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार को ठोकर मारने के बाद अज्ञात ट्रक चालक फरार हो गया।



शहर के लालबाग क्षेत्र निवासी दंपत्ति अपनी बच्ची के साथ किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान रामदरबार के समीप पीछे से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात ट्रक ने उनकी कार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगते ही किआ कार का एयरबैग खुलने से कर सवार दंपत्ति और उनकी बच्ची की जान बच गई और उन्हें मामूली चोंट ही आई।

**ओवरटेक के चक्कर में हादसा :** बताया जा रहा है कि कार चालक द्वारा ओवरटेक किया जा रहा था, तभी पीछे से आ रही ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। बहरहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## निजीकरण के खिलाफ यूनियनें एकजुट, अब होगी राष्ट्रीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रीय सम्मेलन में निर्णय

केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा सरकार की श्रमिक और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जारी घोषणा पत्र में सार्वजनिक उपक्रमों और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को लामबंद होने और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण का विरोध किए जाने का निर्णय लिया गया।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों और संघों के मंच द्वारा नई दिल्ली में आयोजित श्रमिकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भिलाई से भी एटक सहित यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि सम्मेलन में पीएसयू और सरकारी क्षेत्रों के यूनियनों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैंक, बीमा, कोयला, इस्पात, बंदरगाह और गोदी, बिजली, दूरसंचार, डाक, रेलवे, रक्षा, सड़क मार्ग, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, सिविल सेवाएं आदि और निजी औपचारिक क्षेत्र जिनमें उन क्षेत्रों के अनुबंध श्रमिक, अनौपचारिक/असंगठित क्षेत्रों के लोग-औद्योगिक के साथ अनुबंध, आउटसोर्स श्रमिक और टुकड़ा दर पर काम करने वाले स्वरोजगार और मिड-डे मील योजनाएं, बीड़ी और निर्माण क्षेत्र, लोडर-अनलोडर आदि।

### लेबर कोड खत्म करने की मांग

यूनियन नेताओं ने सम्मेलन में पारित घोषणापत्र का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार कर्मियों व श्रमिकों की मांगों को लेकर अकर्मण्य है। आईएनटीयूसी से अशोक सिंह, एटक से अमरजीत कौर, एचएमएस से हरभजन सिंह, सीआईटीयू से तपन सेन, एआईयूटीयूसी से हरीश त्यागी उपस्थित थे। सम्मेलन में 20 मई को राष्ट्रीय हड़ताल का आह्वान किया। सरकार द्वारा पूंजीपतियों व कार्पोरेटर को बढ़ावा की नीति को मेहनतकश लोगों और देश की समग्र आर्थिक भलाई के लिए हानिकारक बताते हुए निजीकरण के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

## अनिवार्य सेवानिवृत्तिः ब्लैक बैच लगाकर करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल में 11 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के विरोध में सेफी के आव्हान पर ऑफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा गुरुवार को अधिकारियों द्वारा ब्लैक बैच पहनकर अपना विरोध दर्ज कराया जाएगा। ओए ने अधिकारियों के अनिवार्य सेवानिवृत्ति को अनैतिक बाते हुए इस निर्णय के खिलाफ पहले चरण में सेल के सभी इकाईयों में गेट मीटिंग के माध्यम से 18 मार्च को मुर्गा चौक में विरोध प्रदर्शन किया था। दूसरे चरण में सेल के अधिकारियों द्वारा गुरुवार को को ब्लैक बैच लगाकर विरोध दर्ज किया जाएगा। सेफी चेयरमेन और ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने सेल में अनिवार्य सेवानिवृत्ति लागू किए जाने की घोर निंदा करते हुए सेल प्रबंधन से इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है।



## बजट बैठक में ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य

# जिले के चारों निगमों में हो रही सिर्फ खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जिले के चार प्रमुख निगमों में ऑडिट के लिए पिछले लंबे समय से खानापूर्ति हो रही है। इसके चलते कई प्रमुख सरकारी योजनाओं के फंड अटके हुए हैं। आपत्तियों का निराकरण भी नहीं किया जा रहा है। बता दें कि निगमों में शासन स्तर पर नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी) के माध्यम से ऑडिट होती है। इसके अलावा निगम खुद लेखाधिकारी और चार्टर अकाउंटेंट के माध्यम से ऑडिट कराते हैं, लेकिन पिछले करीब 10 सालों से ऑडिट को लेकर खानापूर्ति की जा रही है। रिसाली निगम ने जरूर अपना रिकार्ड दुरुस्त रखा है। यहां लेखा संपरीक्षा छत्तीसगढ़ और महालेखाकार (सीएजी) का ऑडिट क्रमशः 2022-23, 2023-24 तक पूरा कर लिया गया है।

### केंद्र और राज्य शासन के ऑडिट के अलावा निकाय खुद भी कराते हैं ऑडिट

बता दें कि आय-व्यय के ब्योरे के ऑडिट की प्रक्रिया सबसे ज्यादा जरूरी है। इसे लेकर अलग-अलग एजेंसियां तय हैं। छत्तीसगढ़ शासन स्तर पर लेखा संपरीक्षा द्वारा ऑडिट की जाती है। इसके अलावा केंद्र शासन द्वारा महालेखाकार (सीएजी) के माध्यम से ऑडिट कराई जाती है। इन रिपोर्ट और आपत्तियों के निराकरण के आधार पर ही निकायों को फंड जारी किया जाता है। इसके अलावा निकाय खुद भी अपने स्तर पर सीए और लेखाधिकारी के माध्यम से ऑडिट कराते हैं। करीब 4 साल पहले राज्य शासन के निर्देश पर जिले के सभी निकायों में इंटरनल ऑडिट की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। इसके लिए विभागीय स्तर पर कमेटी गठित कर इस कार्य को किए जाने कहा गया था। इसके बाद भिलाई निगम ने इंटरनल ऑडिट करने वाली एजेंसी मेसर्स पोद्दार एंड कंपनी के अनुबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया था। बाद में प्री ऑडिट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे।। इस आदेश के तहत भिलाई आयुक्त ने ऑडिट सेल का गठन किया गया था। बता दें कि शासन स्तर पर कई मामले में ऑडिट नहीं होने पर भी ढिलाई देते हुए राशि जारी कर दी जाती है। इस पर भी ऑडिटर्स लगातार आपत्ति करते रहे हैं।

### अप्रैल 2008 से प्री ऑडिट पर रोक, इसके बाद से पोस्ट ऑडिट ने बढ़ाई दिक्कत

जानकारी के मुताबिक शासन ने अप्रैल 2008 से प्री ऑडिट पर रोक लगा दी है। 24 अप्रैल 2008 को तत्कालीन अवर सचिव अमिताभ शर्मा ने एक आदेश जारी किया था। इसे आदेश के मुताबिक प्री ऑडिट पर रोक लगाई गई। प्री ऑडिट के दौरान ऑडिट करने वाली संस्थाएं वित्तीय वर्ष शुरू होने की तारीख 1 अप्रैल से वित्तीय वर्ष समाप्ति तिथि 31 मार्च तक हर आय-व्यय के ब्योरे की ऑडिट करते थे। बाद में पोस्ट ऑडिट को लागू किया गया, इसमें निकायों को यह अधिकार दिया गया कि वह खुद ऑडिट कराएं। वहीं सरकारी ऑडिटर संस्थाएं बाद में आकर अपने स्तर पर ऑडिट करेंगी। इस वजह से लंबे समय से ऑडिट की प्रक्रिया अटकते रही। वर्तमान में दुर्ग निगम में 2015-16 के बाद से ऑडिट नहीं हुई है। न ही इसे लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है।

बता दें कि वर्तमान में दुर्ग जिले में चार प्रमुख निगम हैं, इनमें दुर्ग, भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा शामिल हैं। मार्च महीने में आगामी वर्ष 2025-26 के लिए इस समय बजट तैयार किया जा रहा है। इस दौरान ऑडिट आपत्तियों और ऑडिट को लेकर मंथन जारी है बता दें कि शासन ने तय किया है कि जिन निकायों की ऑडिट अंतिम दो वर्ष तक पूरी है, उन्हें ही नियमित रूप से सरकारी योजनाओं के साथ वित्त आयोग से फंड जारी होना है। इस वजह से निकायों में खलबली मची हुई है। इधर भिलाई में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रहा है। लेखा विभाग के मुताबिक 2024-25 तक ऑडिट का काम पूरा हो चुका है। वहीं निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा का आरोप है कि वर्ष 2013-14 के बाद से ऑडिट नहीं हुआ है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 20 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129



04



फ्रेंच फैशन


## लाइव इवेंट

### महाबोधि महाविहार आंदोलन की दी गई जानकारी, कहा-विरोध रहा सफल



**भिलाई।** साप्ताहिक वंदना का कार्यक्रम बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में हुआ। सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यक्रम में 10 मिनट की विपश्यना की गई। इसके बाद सामूहिक वंदना हुई। रामराव ढोक ने कार्यक्रम का संचालन किया। जीडी राऊत ने बोधगया बिहार में चल रहे महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आंदोलन में सभी को समर्थन करने के लिए कहा, तभी हमारा आंदोलन सफल होगा। इसके बाद नई दिल्ली से आई डॉ. सोनाली पाटील ने जानकारी दी कि वे दिल्ली में एकाग्र आईएएस संस्थान कोचिंग युपीएससी परीक्षा की कोचिंग चला रही हैं। इसी तरह यहां भी कोचिंग सेंटर चालू कर रही हैं। इसमें स्टूडेंट को कोचिंग में एडमिशन लेने का आग्रह किया। संजय मेश्राम महासचिव ने यूपीएससी परीक्षा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो बच्चे योग्यता रखते हैं। उन्हें कोचिंग में भाग लेना चाहिए। साप्ताहिक वंदना के कार्यक्रम के अंत में मूलचन्द गडपायले के द्वारा सामूहिक मैत्री वंदना पाठ किया गया।



## सिटी इवेंट

### सतनाम सिंह और अन्नू जांगड़े सम्मानित, सामूहिक रूप से अंबेडकर जयंती मनाने निर्णय



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला के मनाए गए कार्यक्रम की समीक्षा बैठक रंगमंच रिसाली सेक्टर में हुई। इसमें संगठन को और मजबूत करने व जागरूकता लाने हेतु सतत कार्य करने की आवश्यकता महसूस उपस्थित सदस्यों ने की। वर्तमान की विषय परिस्थितियों पर जैसे बेरोजगारी, पलाशय, भुखमरी, बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, महिला सुरक्षा, आवास समस्या, गुणवत्ता युक्त शिक्षा एवं स्वास्थ्य सहित मेहनतकशों के मेहनताना छीने जाने के सवाल पर गंभीर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक सतनाम सिंह एवं सक्रिय कार्यकर्ता अन्नू जांगड़े का सम्मान किया गया। संगठन ने 20 मार्च को जायसवाल सिंह गुंडा की पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ समिति के पास रंगमंच पर कार्यक्रम का निर्णय लिया गया। इसके अलावा 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती अन्य संगठनों के साथ मिलकर मनाने का निश्चय लिया गया। कार्यक्रम में अश्लेष मरावी, पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर, फैसल चौहान, उमा सिंह, चंद्रकला, ताराम अनु जांगड़े, दिनेश्वरी आर्य, कनकलता नाग, निर्मला चतुर्वेदी, ममता वर्मा, सुरेंद्र मोहंती, देवेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे।

### राजेंद्र पार्क से शहीद चौक तक बनेगा फोरलेन, समस्याओं को लेकर व्यापारी मिले मेयर से



**दुर्ग।** गुरुद्वारा-स्टेशन रोड व्यापारी संघ का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को महापौर अल्का बाघमार से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ भेंट कर महापौर जी का अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दी। गुरुद्वारा-स्टेशन रोड व्यापारी संघ ने महापौर को राजेंद्र चौक से शहीद चौक तक प्रस्तावित फोरलेन के निर्माण से आने वाली समस्याओं के संबंध में एक पत्र सौंपा। साथ ही मांग की कि उक्त समस्याओं के शंका समाधान के बाद ही प्रस्तावित फोरलेन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए। महापौर ने इस मार्ग का स्थल निरीक्षण कर, परिस्थिति अनुसार सबके लिए उचित निर्णय का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक नरेश तेजवानी, अध्यक्ष चंद्रभान मेघनानी, उपाध्यक्ष निहाल रतनानी, सचिव सुनील आहुजा, कोषाध्यक्ष दर्शन ठाकवानी, युवा चेंबर अध्यक्ष रवि केवलतानी, कार्यकारिणी सदस्य पवन हसीजा, अजय खत्री, रवि टुटेजा, नवीन खत्री, चंद्रमोहन गभाने, अमर पंजाबी, जितेन्द्र कारिया, हीरालाल मंघनानी शामिल थे।

---

दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में एससीआर कॉरिडोर होगा निर्माण, कवायद शुरू

# दुर्ग-रायपुर-नांदगांव के बीच नई लाइफ लाइन, दो घंटे का सफर तय होगा 40 मिनट में, 100 किमी की नया रिंग रोड बनेगी

दुर्ग-भिलाई के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। राजधानी तक का सफर अब और अधिक आसान होने जा रहा है। राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और नया रायपुर को जोड़ने वाली एक नई सड़क का निर्माण किया जाना है। इससे लगने वाले दो घंटे से ज्यादा का समय घटकर 40 मिनट तक हो जाएगा। गुड़गांव से दिल्ली तक बनाए गए एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी रिजन) की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में एससीआर बनाने की तैयारी की गई है। एससीआर में मास्टर प्लान, मोबिलिटी, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, बिल्डिंग हाइट, ग्रीन स्पेस, इंडस्ट्रियल एरिया, कॉमर्शियल एरिया प्लान विकसित होगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस पूरे प्रोजेक्ट का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को सेंट्रल इंडिया का ग्रोथ हब एरिया बनाने के लिए यह कवायद शुरू की गई है। नवा रायपुर से लेकर रायपुर, कुम्हारी, चरोदा, भिलाई-3, भिलाई पावर हाउस, दुर्ग पुलगांव और राजनांदगांव वालों को एक नई लाइफ लाइन मिलेगी। प्रोजेक्ट में 20 छोटे-बड़े कस्बों, 8000 से ज्यादा गांवों को शामिल करने की तैयारी है।

अतुल अग्रवाल ▶▶ भिलाई

आगामी पांच वर्षों में इस परिकल्पना को साकार करने की तैयारी की जा रही है। 6 हजार वर्ग किमी एरिया में विकास करने की योजना की यह योजना है। पूरी तरह से दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यह एससीआर कॉरिडोर को तैयार किया जाना है। अभी दुर्ग-भिलाई के लोगों को रायपुर या नवा रायपुर पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे तक का सफर तय करना होता है, वो भी हैवी ट्रैफिक के साथ। आने वाले समय में यह महज 40 मिनट में तय कर सकेंगे। शहरों के रास्ते आसान हो जाएंगे और विकास को एक गति मिलने वाली है। इस एससीआर में मास्टर प्लान, मोबिलिटी, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट, बिल्डिंग हाइट, ग्रीन स्पेस, इंडस्ट्रियल एरिया, कॉमर्शियल एरिया प्लान विकसित होगा। बता दें कि वर्ष 2025-26 के वित्तीय बजट में राज्य सरकार ने इसके लिए भारी भरकम रकम का प्रावधान किया है। यह सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। स्टेट कैपिटल रीजन के बन जाने से सबसे ज्यादा फायदा ट्रांसपोर्ट, इंफ्रा और इकोनॉमी को होगा। 100 किमी से ज्यादा लंबा रिंग रोड बनेगा। कनेक्टिविटी के लिए लगभग नई रेडियल सड़क बनानी होगी। दुर्ग बायपास के तौर पर सड़क और सब अर्बन ट्रेनें संचालित करनी होगी। इस बीच मेट्रो को लेकर भी सर्वे शुरू होना है। कॉरिडोर में मेट्रो को भी शामिल किया गया है। यह भी एससीआर का पार्ट ही है। मोबिलिटी प्लान के तहत चौराहों का विकास होने वाला है।



### कैसे बनेगा एनसीआर की तरह एससीआर, इसे भी जानिए

जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में नवा रायपुर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई और राजनांदगांव को मिलाकर 20 छोटे-बड़े कस्बों को शामिल किया जा रहा है। 8000 से ज्यादा गांवों को शामिल किया जा रहा है। 6 हजार वर्ग किमी एरिया में विकास करने की योजना है। करीब 1 करोड़ की आबादी इसके दायरे में आने वाली है। दिल्ली में गुड़गांव तक इस प्रकार का कॉरिडोर तैयार किया गया है। इससे आसपास के क्षेत्रों में तेजी से विकास संभव हो पाया। लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ। इसके अलावा लोगों के समय की बचत हुई। राजधानी में पहुंच आसानी हुई।

### भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रहा सिक्सलेन बाइपास

छत्तीसगढ़ समेत तीन राज्यों के लिए ये एक नई परियोजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। ये एक राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना है। जिसका उद्देश्य है बंदरगाहों, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और राष्ट्रीय गलियारों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना। साथ ही पिछड़े इलाकों, धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले राजमार्ग बनाना है। रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी 546 किमी से घटकर 463 किमी होगी। 12-13 घंटे लगने वाला सफर वो 7 घंटे में हो जाएगा। रायपुर से विशाखापट्टनम तक 464 किमी तक रोड बनाई जाएगी और दुर्ग-रायपुर बायपास के लिए 92.230 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो राजनांदगांव के टेडेसरा गांव से शुरू होकर रायपुर जिले के पारागांव में समाप्त हो रही है। चार फेज में इसमें काम हो रहा है। रायपुर से विशाखापट्टनम तक बनने वाली 6 लेन रोड में छत्तीसगढ़ की पहली और सबसे बड़ी ट्विन टनल बनाई जा रही है।

---

# सॉफ्टबॉल टी-10 क्रिकेट मिल जोन एस, बी, मेडिकल ने जीते अपने-अपने मैच

**भिलाई।** बीएसपी इंटर जोन प्रो सॉफ्टबॉल टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को मिल जोन एस और ऑग्ज़ीलियरी के बीच पहला मैच हुआ। मिल जोन एस ने पांच विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच तपन चौरे रहे। दूसरा मैच मिल जोन बी और सर्विसेज के बीच हुआ। मिल जोन बी ने 8 विकेट से मैच जीता। प्लेयर ऑफ़ द मैच निखिल सेंगर रहे। तीसरा मैच मेडिकल और मिल जोन आर के बीच हुआ। मेडिकल ने 61 से यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश वर्मा रहे। चौथा मैच आयरन जोन ए और मिल जोन बी के बीच हुआ। मिल जोन बी ने 49 रन से यह मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच वीरेंद्र कुमार रहे। पांचवा मैच राइट्स और आयरन जोन एक के बीच हुआ। आयरन जोन ए ने 31 रन से मैच जीता। प्लेयर ऑफ द मैच गंभीर सिंह रहे। मैचों के अंपायर हरिशंकर यादव, मुकेश त्रिपाठी, विवेक सिंघम, अरुण यादव, अंकित सिंह, अमित भास्कर, स्कोरर विनोद देवघरे, गौरव, डॉ. कुलदीप मीणा एवं विक्की सोनकर, कॉमेंटेटर महेश साहू, गुलशन साहू थे।

- बीएसपी इंट जोन प्रो सॉफ्टबॉल टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट का किया जा रहा आयोजन



### प्रतियोगिता में 16 टीमें ले रहीं भाग

बीएसपी जोन वाइज प्रो सॉफ्टबॉल टी-10 टूर्नामेंट का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। चार पूल में टीमों को विभाजित किया गया है। पूल ए में एस स्टील जोन बी, मेडिकल, मिल जोन डीसी, मील जोन आर, पूल बी में आयरन जोन ए, एनएसपीसीएल, सर्विसेज एम, एवं मिल जोन बी, पूल सी में मिल जोन वी, राइट्स, आयरन जोन ए एवं सर्विसेज, पूल डी सीआईएसएफ सर्विसेज मील जोन एस एवं ऑग्ज़ीलरी शामिल हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच सर्विसेज जी और एनएसपीसीएल के बीच खेला गया था। सर्विसेज ने 66 रन से यह मैच जीता था।

# होली मिलन समारोह में प्रतिभावान यादवों का सम्मान, दिया एकजुटता का संदेश

**भिलाई।** युवा यादव कल्याण परिषद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन सेक्टर 1 पार्क में किया गया।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। मुख्य अतिथि भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव थे। विशेष रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. सुरेश यादव, झमन सिंह यादव, रामलाल चौधरी, राजेंद्र यादव, गिरीश यादव मौजूद थे। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकता, प्रगति और सहयोग की भावना पर बल दिया गया। देवेंद्र यादव जी ने कहा कि होली मिलन समारोह न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि यह हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। यादव समाज की शक्ति उसकी एकता में है। हमें इसे बनाए रखना चाहिए। आयोजन में समिति के कोषाध्यक्ष राज नारायण यादव, महासचिव उमानाथ यादव, रविंदर यादव, उमाशंकर यादव, ओमकार यादव सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने दी।



---

## कार्नर न्यूज

पूर्व सांसद मिनी माता की 112वीं जयंती पर सतनामी आश्रम में आयोजन

# मिनी माता की जयंती पर कुर्सी दौड़, सत्यवती रही प्रथम, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

**दुर्ग।** सतनामी महिला कल्याण एवं जागरण समिति तत्वावधान में मिनी माताजी की 112वीं जयंती मातृशक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। ...तनामी आश्रम दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में ... अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती ...रे थीं। अध्यक्षता बिलासपुर जिला पंचायत ... सदस्य सतकली बावरे ने की।

विशेष रूप से झमित गायकवाड़ जनपद सदस्य, पार्वती ढीढी, दुलेश्वरी बंजारे सरपंच धनोरा, सरोज कोसरे पूर्व पार्षद, रेखा बंजारे, दुर्गा चतुर्वेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन समिति की अध्यक्ष ईश्वरी गायकवाड़ ने किया। बंजारे ने कहा कि महिला किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं है। हर क्षेत्र में कंधे से कंधे मिलाकर कार्य कर रही है। पार्वती ढीढी ने मिनी माता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिनीमाता समाज की प्रेरणादायी है। झमित गायकवाड़ ने समाज में महिलाओं को एकता बनाए रखने की प्रेरणा दी। सरस्वती बावरे ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में विकास कर रही हैं। कार्यक्रम को दुर्गेश्वरी बंजारे, सतनामी आश्रम कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, केआर मारकंडे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उषा देशलहरे, लेमकला, वेद सत्वती कोर्सेवाड़ा द्वारा नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया। आयोजित बाल पास प्रतियोगिता में अहिल्या बंजारी प्रथम, रानी चतुर्वेदी द्वितीय, उतरा बघेल तृतीय स्थान पर रहीं। कुर्सीदौड़ में सत्यवती कोर्सेवाड़ा प्रथम, मोनिका ढीढी दूसरे, शांति चंदेल तीसरे स्थान पर रहीं। स्थान प्राप्त किया समिति के द्वारा लगभग 60 वरिष्ठ महिलाओं का शाल श्रीफल साड़ी से सम्मान किया गया। वरिष्ठ महिला सम्मान में समिति के सचिव अंबालिका मारकंडे का योगदान रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष ईश्वरी गायकवाड़, उपाध्यक्ष सत्यवती कोर्सेवाड़ा, लेमकला वेद, अंबालिका मारकंडे, कोषाध्यक्ष शकुंतला भारती सहित अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया।



**धर्म लाइव**

## उर्स पाक पर की गई चादर पोशी, इफ्तार में जुटे रोजेदार



**भिलाई।** हर साल की तरह इस साल भी ताज दरबार कैंप एक साक्षरता चौक के सामने भिलाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया के मुरीद और चाहने वाले हजारों की तादाद में इकट्ठा हुए। मौका था बाबा ताज के उर्स पाक का। हालांकि इस बार रमजान का पाक महीना होने की वजह से पहले 16 वे रोजे की अफ्तार कराई गई। इस अफ्तार दावत में बड़ी तादाद में रोजेदारों ने हिस्सा लिया। इसके बाद आम लंगर का एहतमाम भी किया गया था। जोकि उर्स पाक पर आए मुरीदो में तक्सीम किया गया। इसके बाद हज़रत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्ष ताज अंजुम ताजी एवं ताज दरबार की खिदमत गुज़ार गुलामाने ताज हज्जन बदरुनिसा ताजी और गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बाबा के मुरीदों और चाहने वालों के साथ बाबा ताज के आस्ताने पर लोभान पेश की। फिर चादर पोशी की रस्म अदा की गई। बाबा के खिदमत गुज़ार के आशियाने से लाई गई संदल बाबा हुजूर में पेश की गई। इस मौके पर सभी के लिए खास दुआएं भी की गई। ताज दरबार में गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी का इस्तकबाल फूलों से किया गया। गुलामाने ताज हज्जन बदरुनिसा ताजी एवं ताज दरबार के गद्दीनशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया कि इस ताज दरबार में जो भी अपनी अकीदत लेकर आता है वह अपनी मुरादे यहां से लेकर जाता है। यही वजह है कि दिनों दिन इस ताज दरबार अकीदत पेश करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है और यहां से शिफा पाने वाले लोग बाबा के मुरीद होते जा रहे हैं।



**समाज इवेंट**

## राजपूत क्षत्रिय महासभा के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष बने नरेंद्र सिंह



**भिलाई।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छ ग रहाटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति दुर्ग का त्रिवार्षिक चुनाव महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकर नगर दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत को बनाया गया है। चुनाव संपन्न करने के लिए मर्रा उपसमिति के परिवेक्षक अंगद सिंह, पवन सिंह, शरद सिंह को नियुक्त किया गया था। जिनके द्वारा सोहद्र वातावरण में नामांकन एवं चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव में पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। राजपूत क्षत्रिय महासभा छ ग रहाटादाह पंजीयन क्रमांक 1282 उपसमिति दुर्ग के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत राजू शंकर नगर दुर्ग, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत मठ पारा दुर्ग, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत मंगल लोटा, सचिव दीपक सिंह राजपूत गया नगर दुर्ग, उपसचिव रोशन सिंह शंकर नगर, सदस्य राकेश सिंह राजीव नगर, दिनेश सिंह शंकर नगर, कार्यकारिणी सदस्य प्यारेलाल सिंह, चितरंजन सिंह, चैम्पश्वर सिंह, नवीन सिंह, सूरज सिंह, भरत सिंह, युवा विंग अध्यक्ष आयुष सिंह, सचिव अनिकेत सिंह, महिला अध्यक्ष बिंदु भुवाल, सचिव गीता राजपूत चुने गए।

**स्पोर्ट्स इवेंट**

## ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से रिसाली-भिलाई में



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ और जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा जिले के नवोदित शतरंज खिलाड़ियों के लिए 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रिसाली भिलाई में किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी किरण अग्रवाल एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा द्वारा नवोदित शतरंज खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में शतरंज की चाल चलना, नोटेशन लिखना, ओपनिंग खेलना, एकाग्रता, बौद्धिक विकास, शतरंज के मोहरों की जानकारी तथा शतरंज की अन्य प्रारंभिक जानकारी दी जायेगी। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि जिले के नवोदित शतरंज खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा अवसर है जिससे वह शतरंज का प्रशिक्षण लेकर अपने बौद्धिक एवं मानसिक विकास को भी बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षण प्रतिदिन 2 सत्रों में दिया जायेगा। जिसका समय सुबह 9 से 10 बजे एवं शाम 5.30 बजे से 6.30 बजे तक रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी अपने इच्छानुसार कोई भी समय निर्धारित कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्रतिभागी सीनियर नेशनल आर्बिटर से संपर्क कर सकते हैं।

● बसंत पंचमी से चले आ रहे फाग उत्सव का रंग पंचमी के साथ हुआ समापन

# देवी-देवताओं को समर्पित रंग पंचमी पर उड़े रंग-गुलाल राधा-कृष्ण संग खेली फूलों की होली, फाग गीत पर झूमे भक्त

**भिलाई।** ट्विनसिटी के सभी राधा-कृष्ण मंदिरों में बुधवार को रंग पंचमी मनाकर 40 दिनों से चले आ रहे होली के त्योहार का समापन हर्षोल्लास के साथ रंग-गुलाल हवा में उड़ाकर कर किया। रंगपंचमी के अवसर पर ब्रजमंडल भिलाई के श्री राधाकृष्ण मंदिर सेक्टर 6 में ब्रजमंडल भिलाई की महिला समिति द्वारा आयोजित रंग पंचमी पर फूलों की होली का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान राधाकृष्ण विग्रह का विशेष श्रृंगार किया गया और सुगंधित दूध दही से युक्त मिष्ठान का भोग लगाया गया। महिला समिति की उपाध्यक्ष भावना तोमर ने बताया कि बसंत पंचमी से शुरु हुए होली महापर्व का समापन आज रंगपंचमी पर हो रहा है। भगवान कृष्ण की जन्मभूमि और लीला भूमि ब्रज क्षेत्र में समस्त मंदिरों में भगवान राधाकृष्ण से विशेष होली खेली जाती है जो सुगंधित फूलों की होली, लड्डू मार होली, लठ्ठ मार होली, अबीर गुलाल की होली से लेकर पूरे होली का आज रंगपंचमी पर फूलों की होली से 45 दिनों का होली महापर्व का समापन हुआ है।





### रंग पंचमी पर देवताओं की होली: पं सुनील



रंगपंचमी पर्व पर पं सुनील महाराज ने बताया कि फाल्गुन कृष्णपक्ष की पंचमी तिथि के दिन रंगपंचमी का त्योहार बडी धूम-धाम से मनाया जाता है। रंगपंचमी को श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। होली के बाद पंचमी तिथि तक होली का त्यौहार चलता है। भारत देश के कई इलाकों में रंगपंचमी बहुत हर्ष-उल्लास के साथ मनायी जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीराधा और गोपियों के साथ होली खेली थी। इस दिन राधा-कृष्ण की पूजा की जाती। जिस प्रकार कार्तिक पूर्णिमा देवताओं की दिवाली मानी गई है, उसी प्रकार रंग पंचमी को देवताओं की होली माना गया है। यह त्योहार देवताओं को समर्पित है क्योंकि हिरण्याकश्यप का वध होने के बाद सभी देवी और देवताओं ने रंगपंचमी के दिन रंगोत्सव मनाया था। यह सात्विक पूजा आराधना का दिन होता है। मान्यता है कि कुंडली के बड़े से बड़े दोष इस दिन की पूजा आराधना से ठीक हो जाते हैं। इस दिन दैवीय शक्तियां नकारात्मक शक्तियों से अधिक प्रभावी होती है। वातावरण में सकारात्मकता रहती है। ऐसा माना जाता है रंगपचमी के दिन रंग-अबीर को शरीर पर न लगाकर बल्कि हवा में उड़ा कर मनाया जाता है। ऐसा करने से वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है, जिससे व्यक्ति के अंदर सात्विक गुणों में वृद्धि होती है और उसके तामसिक गुणों का नाश हो जाता है।

### भजन मंडली ने दी फाग गीतों की प्रस्तुति

रंग-पंचमी के कार्यक्रम के दौरान पं सुनील कुमार द्विवेदी की भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों एवं ब्रज के लोकगीतों पर उपस्थित श्रद्धालु एवं महिलाओं ने उल्लासपूर्वक नाचते, झूमते फाग गीत गाते हुए भगवान राधा कृष्ण के विग्रहों पर फूलों की वर्षा कर होली खेली एवं सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। रंगपंचमी कार्यक्रम में अनिता यदुवंशी, चित्रा राघव, मोनिका मंगला, मधु वार्ष्णेय, साधना गोयल, कमलेश राघव, सुनीता वर्मा, दीपशिखा राघव, ऊषा शर्मा, सुनीता शर्मा, गीता दीक्षित, मनीषा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

**शिक्षण क्षेत्र में समारोहपूर्वक विदाई**

## सेवानिवृत्त व्याख्याता ताउम्र देंगे मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप, शिक्षण क्षेत्र में 39 वर्षों की दी दीर्घ सेवा



**भिलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रुआबांधा के व्याख्याता कुबेरराम देशमुख की सेवानिवृत्ति पर मंगलवार को उन्हें समारोहपूर्वक विदाई दी गई। विदाई समारोह में देशमुख ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इस विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कॉलरशिप देने की घोषणा की है। उन्होंने अपनी दिवंगत पत्नी ईश्वरी देवी की स्मृति में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 51 हजार रुपए और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 5 हजार रुपए देने का एलान किया है। ये स्कॉलरशिप प्रतिवर्ष 15 अगस्त को प्रदान की जाएगी। इस आशय का घोषणा पत्र प्राचार्या दीप्ति गुप्ता को सौंपते हुए देशमुख ने कहा कि यह स्कॉलरशिप योजना उनके जीवनकाल तक लागू रहेगी।

**शिक्षक एवार्ड से कई बार सम्मानित:** सेवानिवृत्त व्याख्याता कुबेर राम देशमुख का 39 वर्षों का शैक्षणिक जीवन उपलब्धियों से भरा रहा। वे दो बार वर्ष 2010 और वर्ष 2014 में भिलाई नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। इसके अलावा शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला शिक्षाधिकारी ने भी उन्हें सम्मानित किया है। इतना ही नहीं वे चतुर्भुज मेमोरियल ट्रस्ट तथा भिलाई क्लब द्वारा भी उत्कृष्ट शिक्षक एवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। विदाई समारोह के साथ-साथ केक काटकर उनकी 62



वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में बिताए हुए पलों को याद करते हुए सभी का आभार माना। प्राचार्या दीप्ति गुप्ता ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उनका व्यवहार सदा ही सहयोगात्मक रहा।

**सभी ने साझा किया उनके कार्यों को:** समारोह में प्राचार्या सहित बीरबल सिंह देशमुख, कल्पना द्विवेदी, बीके दास, एके समसून, अनिल शुक्ला, छग शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी तथा तालपुरी के पूर्व उपाध्यक्ष असीम सिंह ने निस्स्वार्थ भाव से किए गए उनके कार्यों को साझा किया। समारोह का संचालन विक्रम सिंह ने किया। इस मौके पर तालपुरी के महेश विश्वकर्मा ने जहां फिल्मी गीत पेश किया, वहीं एके समसून ने काव्य पाठ भी किया।

**आयोजन**

## मो. अज़हरुद्दीन रूंगटा रेजिडेंशियल क्रिकेट कैंप में होंगे सम्मिलित

**भिलाई।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर व भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन रूंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में क्रिकेट के गुर बताएंगे। वे रूंगटा पब्लिक स्कूल में 24 से 30 मार्च तक आयोजित होने वाले रूंगटा रेजिडेंशियल क्रिकेट कैंप में सम्मिलित होंगे। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के तत्वावधान में रूंगटा क्रिकेट अकादमी के अंतर्गत यह क्रिकेट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह क्रिकेट अकादमी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान जीसीसीऐ के संस्थापक दवरा की जा रही है। रूंगटा क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन विगत दिनों दक्षिण अफ्रीका के मशहूर क्रिकेटर जोंटी रोड्स द्वारा किया गया था। उन्होंने स्टूडेंट्स को खेल से संबधित कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए थे। उन्होंने कहा था की जरुरी नहीं की हर कोई बल्लेबाज़ या गेंदबाज़ ही बने। अच्छा क्षेत्ररक्षण करके भी मैच जितने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। क्रिकेट एक टीम गेम है, इसमें सभी बल्लेबाज़, गेंदबाज़, विकेट कीपर और क्षेत्ररक्षक का योगदान रहता है। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन संजय रूंगटा ने बताया की इस प्रकार की क्रिकेट कैंप के आयोजन से स्टूडेंट्स का खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा और उन्हें सर्वोत्तम प्रशिक्षण मिलेगा। जिससे वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतरीन परफॉरमेंस दे सकेंगे और देश का नाम रोशन कर सकेंगे।



**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाएगा प्रशिक्षण**

## ग्रेडिंग परीक्षा में सफल खिलाड़ियों को मिला खिताब, सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित




**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित फुल कॉन्टैक्ट कराते कारा कु जु बो काई कान की ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव के मार्गदर्शन में हुआ। इस ग्रेडिंग परीक्षा में सीनियर ब्लैक बेल्ट रामकुमार पांडे के नेतृत्व में सीनियर ब्लैक बेल्ट गांधी सोनी, श्रवण साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी, मुस्कान मुंद्रा, महक हुसैन, जी. हर्ष ने ग्रेडिंग परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से किया । इसमें खिलाड़ियों का स्टैमिना काता, कुमिते, एटीकान्स, स्ट्रैंथ, स्ट्रेचिंग एवं फुल कांटेक्ट फाइट करवाई गई एवं इनकी जांच कि गई। इस ग्रेडिंग परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वही उपस्थित सभी सिनियर ब्लैक बेल्ट्स ने सफल खिलाड़ियों को बेल्ट प्रदान किया। खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए सिंसाई गिरी राव ने कहा कि फुल कांटेक्ट कराते की ग्रेडिंग परीक्षा व प्रशिक्षण कठिन अवश्य है पर इसे हर महिलाओं, लड़कियों, युवा लड़कों, बच्चे व बच्चियों को आवश्यक रूप से सीखना चाहिए, जिससे वह किसी पर निर्भर ना रहते हुए अपने व अपने परिवार की रक्षा कर सकेंगे। इस ग्रेडिंग परीक्षा के सफल ब्राउन बेल्ट प्रथम वाई. अदरित्त मूर्ति, राज आर्यन डहंगाले, ग्रीन बेल्ट तृतीय दक्षिता साहू, गितेंद्र डहरिया,तृप्ति साहू, ग्रीन बेल्ट द्वितीय, तनीषा, काव्यांश देवांगन, लक्ष्य डहंगाले, कुमारी पूर्णेन्दु, कुमारी कृष्णेन्दु ब्लू बेल्ट द्वितीय, आर स्नेहा ब्लू बेल्ट प्रथम अयांश श्रीवास्तव, प्रतिशा मजूमदार, वी. ट्विंकल, वी. जॉन, साहिल जैन, ऑरेंज बेल्ट, कुमारी अदिति सिंह, अवनी सिंह, काव्या, ऋषभ थापा, आदर्श थापा, नारला वामसी शामिल हैं।

## झुंझुनू की दादी रानी सती पर बनी फिल्म देखने पहुंची अग्रवाल समाज की महिलाएं



**भिलाई।** अग्रवाल महिला समिति की महिलाओं ने मोटी सेठानी पिक्चर मुक्ता सिनेमा 3 भिलाई में देखी। पिक्चर मोती सेठानी झुंझुनू की दादी मां रानी सती दादी के ऊपर बनी हुई है। पूरे राजस्थान का सीन है। यह एक धार्मिक पिक्चर है। अब तक उनका गुणगान मंगल पाठ की पुस्तक से भजनों में नजर आया। फिल्म के माध्यम से दादी मां के ऊपर यह फिल्म बनाई गई है। 160 लोगों ने यह पिक्चर एक साथ बैठकर देखी। सब ने मिलकर दादी मां की आरती उतारी। इस कार्यक्रम के आयोजन अग्रवाल सेवा समिति अग्रवाल महिला समिति अग्रसेन युवा समाज नया खुर्सीपार रहा। महिलाओं ने जोर-जोर से इसमें अपनी भागीदारी निभाई। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष संगीता नेमीचंद अग्रवाल के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेमा, शारदा सिंघानिया, उषा प्रेमलता, आशा, बिना प्रेमलता गर्ग, , हंसा अनीता, दीप्ति मनीषा अंजू, प्रतिमा कविता लक्ष्मी, कुसुम, शारदा संगीता, सरला, माया आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में इरफान का ऑलराउंड प्रदर्शन



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच दल्ली राजहरा में प्लेट कंबाइंड के मध्य खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ने पहले दिन का खेल खत्म होते तक 5 विकेट में 143 रन बना लिए थे।

18 मार्च को दूसरे दिन का खेल खेला गया, जिसमें बिलासपुर ने 143 रनों से आगे खेलते हुए 65.2 ओवर में 233 रन बनाकर आउट हो गई। मोहम्मद इरफान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 64 रन बनाए, वासुदेव बरेठ और स्नेहिल चड्ढा ने 24 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ मजूमदार और शशांक तिवारी ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ने पहली पारी में 71 रनों की बढ़त बना ली। इसके पश्चात प्लेट कंबाइंड ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 36.2 ओवर में 187 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। प्लेट कंबाइंड की ओर बल्लेबाजी करते हुए हर्ष साहू ने 45 रन और विजय यादव ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया।बिलासपुर को ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद इरफान और मोहित रावत ने तीन तीन विकेट प्राप्त किए और मयंक यादव को 2 विकेट मिले। इस तरह प्लेट कंबाइंड ने बिलासपुर के सामने 117 रनों का लक्ष्य रखा और बिलासपुर ने 117 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे दिन का खेल खत्म होते तक 18 ओवर में 2 विकेट खोकर 49 रन बना लिए है। बिलासपुर को जीत के लिए 68 रन और बनाने होंगे। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आशीष पांडे ने 29 रन प्रथम सिंह नाबाद 6 रन और इरफान ने 2 रन पर नाबाद खेल रहे है। प्लेट कंबाइंड की ओर शशांक तिवारी को 2 विकेट प्राप्त हुए है। मैच के निर्णायक अनिल सिंह और राणा प्रताप सिंह है स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर कमल घोष टीम के कोच मोईन मिर्जा है। बिलासपुर ब्लू की टीम अपना पहला मैच बीएसपी के मध्य राजनांदगांव में खेल रही है। जिसमें बिलासपुर ब्लू ने पहले दिन 8 विकेट में 215 रन बना लिए थे. कल दूसरे दिन खेलते हुए 112.3 ओवर में 263 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें श्रेयम सुंदरम और दीपक सिंह बघेल के मध्य नौवें विकेट के लिए 94 रनों को महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। जिसमें दीपक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 72 रन, श्रेयम सुंदरम ने 54 रन का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीवेश भुट्टे ने 4 विकेट, कार्तिक नायडू ने 3 विकेट प्राप्त किए। इसके पश्चात बीएसपी ने अपनी पहली पारी खेलते हुए 54.3 ओवर में 170 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें देव आदित्य सिंह ने सबसे अधिक 78 रन बनाए, जीवेश भुट्टे ने 25 रन का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए श्रेयम सुंदरम ने 3 विकेट इम्तियाज़ खान, प्रवीण कुमार यादव और परिवेश धर ने दो दो विकेट प्राप्त किए। बिलासपुर ब्लू ने पहली पारी में 93 रनों की बढ़त बना ली। इसके पश्चात बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 9 रन बना लिए है। जिसमें अनुज कुमार सिंह और दीपक सिंह बघेल नाबाद एक एक रन पर खेल रहे है।

### रविवि की महिला शतरंज टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए रवाना



रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला शतरंज टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में भाग लेने रवाना हो गई है। दिल्ली विश्वविद्यालय में 18 से 20 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता के लिए टीम में खिलाड़ी रौशनी साहू, जेश केशरवानी, संजीता साहू, वैदेही मिश्रा और संध्या कुर्रे शामिल हैं। टीम के प्रबंधक डॉ. राजीव चौधरी प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला और कोच शीतल टोपनो हैं।

### तलवारबाजी में गौरव, रीबा और वेदिका ने जीते कांस्य पदक



रायपुर। अस्मिता फेंसिंग लीग (2024-25) फेज तीन 14 से 18 मार्च तक एर्नाकुलम केरला में संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ स्टेट फेंसिंग एसोसिएशन की तरफ से गौरव चौधरी ने सेबर इवेंट, रीबा बेन्नी ने ईपी और वेदिका कौशिक ने सेबर इवेंट ने कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर राज्य फेंसिंग संघ के अध्यक्ष एस प्रकाश, एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट सुनील कुमार अग्रवाल, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट अजीत सिंह पटेल, जनरल सेक्रेटरी बशीर अहमद खान, कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता, जॉइंट सेक्रेटरी अखिलेश दुबे, निखिल जम्भुलकर, वी जॉनसन सोलोमन, प्रवीण कुमार, मोहनीश वर्मा ने हर्ष जताया है।

आपके शरीर में प्रोटीन का संतुलन जरूरी

# क्या प्रोटीन की कमी से भी हो सकता है बीमारियों का खतरा? इन जोखिमों के बारे में जानना जरूरी

शरीर के फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करते रहने की सलाह दी जाती है। दैनिक रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करके आप शरीर के लिए जरूरी तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। प्रोटीन ऐसा ही एक अतिआवश्यक तत्व है जो न सिर्फ मांसपेशियों के निर्माण और इसकी मजबूती में सहायक है, साथ ही ये कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में लाभकारी हो सकता है। शाकाहारी और प्लांट बेस्ड कई चीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन की मौजूदगी होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन हमारी मांसपेशियों, त्वचा, एंजाइम और हार्मोन का निर्माण खंड है और यह शरीर के सभी ऊतकों में भी आवश्यक भूमिका निभाता है। अगर आपके आहार में पर्याप्त प्रोटीन नहीं है तो आप मांसपेशियों में दर्द-कमी, कमजोरी जैसी समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि प्रोटीन की कमी यदि लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण आप कुछ गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं?



### कितनी प्रोटीन है जरूरी?

अध्ययनकर्ता बताते हैं, वयस्कों को प्रतिदिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम 0.8 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए, जिस व्यक्ति का वजन 75 किलोग्राम है, उसे प्रतिदिन 60 ग्राम प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन की कमी की स्थिति में शरीर की संरचना में बदलाव होने लग जाता है। अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो ये लिवर की बीमारी, हड्डियों की समस्या और बच्चों के विकास को भी प्रभावित कर सकती है।

### बच्चों का विकास हो सकता है प्रभावित



प्रोटीन न केवल मांसपेशियों-हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए आवश्यक है, साथ ही ये शरीर के विकास को भी बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। प्रोटीन की कमी या अपर्याप्तता बच्चों के लिए कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ उनके सामान्य विकास को भी प्रभावित करने वालr हो सकतr है। प्रोटीन की कमी से बच्चों के मस्तिष्क का विकास भी प्रभावित हो सकता है, आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित करें।

### संक्रमण और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा

प्रोटीन की कमी का असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी पड़ सकता है। गंभीर स्थितियों में इसकी कमी के कारण संक्रमण का जोखिम और इसके गंभीर रूप लेने का भी खतरा हो सकता है। पशुओं पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि केवल 2% प्रोटीन वाले आहार की तुलना में 18% प्रोटीन लेने वाले वाले पशुओं में



संक्रामक रोग होने का जोखिम अधिक होता है। महिलाओं पर किए गए एक छोटे अध्ययन से पता चला है कि नौ सप्ताह तक लो प्रोटीन वाला आहार लेने से उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया काफी कम हो गई।

### फैटी लिवर का हो सकता है खतरा

शरीर में प्रोटीन की कमी होने का असर लिवर की सेहत को भी प्रभावित करने वाला हो सकता है। ये आपमें फैटी लिवर की समस्या का कारण बन सकती है। फैटी लिवर, यकृत में वसा जमने के कारण होने वाली बीमारी है। उपचार न होने की स्थिति में फैटी लीवर रोग लिवर में सूजन, सिरोसिस और गंभीर स्थितियों में लिवर फेलियर का भी खतरा बढ़ा देती है।



## घर से रहते हैं दूर तो अपने माता-पिता का ध्यान ऐसे रखें, ताकि उन्हें न महसूस हो अकेलापन

उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों।

माता-पिता हर किसी के जीवन का सबसे अहम हिस्सा होते हैं। इसी वजह से जब हम नौकरी या अन्य कारणों से उनसे दूर रहते हैं, तो उनकी देखभाल को लेकर चिंता बनी रहती है।

उम्र बढ़ने के साथ माता-पिता को न केवल शारीरिक बल्कि भावनात्मक सहारे की भी जरूरत होती है। ऐसे में, कुछ आसान और प्रभावी तरीकों से आप अपने माता-पिता का ख्याल रख सकते हैं, भले ही आप उनसे मीलों दूर हों। यहां हम कुछ ऐसी ही टिप्स आपको देने जा रहे हैं जो बढ़ती उम्र में आपके माता पिता को अकेला नहीं रहने देंगी।

### दिन में कई बार कॉल और वीडियो कॉल करें

चाहें आप कितने भी व्यस्त हों, लेकिन दिन में दो से तीन बार माता पिता को कॉल या वीडियो करके बात करें। उनसे पूछें कि खाना क्या खाया ? इसके अलावा उनकी दिनचर्या, स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में जानें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।

### मेडिकल जरूरतों का ध्यान रखें



बढ़ती उम्र में माता पिता का व्यवहार बच्चों के जैसा ही हो जाता है। ऐसे में आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आप माता-पिता के लिए हेल्थ चेकअप और दवाइयों का ध्यान रखें। खासतौर पर अगर वे किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो उनके लिए डॉक्टर के अपॉइंटमेंट बुक करें। घर के पास एक मेडिकल स्टोर से उनकी दवाइयों की होम डिलीवरी का इंतजाम करें। उन्हें खुद समय से दवा खाने की याद दिलाएं।

### फाइनेंशियल सपोर्ट और मैनेजमेंट

भले ही आपके माता पिता कि पेंशन आती हो, लेकिन उसके बावजूद आप खुद भी माता-पिता की आर्थिक जरूरतों का ध्यान रखें और समय पर पैसे भेजें। अगर वे ऑनलाइन बैंकिंग नहीं जानते, तो उन्हें इसे सिखाएं या उनके बैंक अकाउंट को अपने से लिंक करें। उनके लिए हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस करवाएं ताकि किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में परेशानी न हो।

### घर की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखें

यदि आपके माता पिता अकेले रहते हैं तो ये सबसे जरूरी टिप है। घर की सिक्योरिटी के लिए आप घर में सिक्योरिटी कैमरा और स्मार्ट लॉक जैसी गैजेट्स लगवा सकते हैं। घर के आसपास किसी रिश्तेदार या पड़ोसी से संपर्क में रहें, ताकि ज़रूरत पड़ने पर वे माता-पिता की मदद कर सकें। घर की सफाई, बिजली और मरम्मत से जुड़ी चीज़ों के लिए एक भरोसेमंद हेल्पर या केयरटेकर का इंतजाम करें। किसी भी नए व्यक्ति को घर में न भेजें।



## घर पर बना रहे हैं मोमोज तो आटा तैयार करते वक्त करें ये काम

जब भी आप मोमोज घर पर बनाते हैं तो इसका आटा सही तरह से नहीं गूंथ पाता? क्या आटा जरूरत से ज्यादा पतला हो जाता है? अगर हां, तो इस लेख में बताए गए टिप्स आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

### मैदा में आटा जरूर मिलाएं

परफेक्ट मोमोज बनाने के लिए जरूरी है मैदा में गेहूं का आटा मिलाना, क्योंकि अगर आप सिर्फ मैदा इस्तेमाल करेंगे तो कुछ देर बाद मोमोज सख्त हो जाएंगे। इसलिए बेहतर है कि आप मोमोज का आटा गूंथते वक्त थोड़ा-सा गेहूं का आटा मिला लें।

गेहूं का आटा ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना है, क्योंकि अगर आप आटे का ज्यादा इस्तेमाल करेंगे तो मोमोज का स्वाद बेकार हो जाएगा। आप 1 कप मैदे के साथ एक चौथाई कप गेहूं का आटा इस्तेमाल कर सकते हैं। यह सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन यह सच है कि आटे को सॉफ्ट और मलाईदार बनाने के लिए सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसको लेकर शेफ रणवीर का कहना है कि आटे को सॉफ्ट बनाने के लिए खट्टापन जरूरी है।

अगर आप सिरका इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो दही या नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। मगर कुछ भी इस्तेमाल करने से पहले मात्रा का ध्यान रखें। अगर मात्रा सही जरूरत से ज्यादा होगी, तो मोमोज का स्वाद खराब हो सकता है।

### आटा गूंथने के लिए गर्म पानी का करें इस्तेमाल

अगर आप घर पर परफेक्ट मोमोज बनाना चाहते हैं, तो कोशिश करें कि आटा गूंथते वक्त गर्म पानी का




इस्तेमालकरें। इस तरह आपका गूंथा हुआ आटा बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट रहेगा और जो मोमोज बनेंगे वो काफी सॉफ्ट रहेंगे। इसके लिए गुनगुना पानी थोड़ा-थोड़ा करके आपको आटे में डालना होता है। इसके साथ ही हल्के हाथों से आपको आटा गूंथना होगा। ऐसा करने से आटा काफी फ्लफी होगा और अगर आपको मोमोज को फ्राई करना है वो भी आसानी से किया जा सकता है।

### मोमोज के लिए आटा कैसे गूंथें?

इसके लिए एक कप मैदे में आधा छोटा चम्मोच नमक, और 1 चुटकी बेकिंग सोडा डालें। मैदे में बेकिंग सोडा डालने से मोमोज को स्टी म करने के बाद वह सख्त नहीं होते बल्कि उनकी स्किन सॉफ्ट होती है और मुंह में डालते ही घुल जाती है। मोमोज के लिए मैदे को पूरी के डो से मुलायम और रोटी के आटे से सख्त गूंथना होता है। इतना ही नहीं, मैदा को आप जितना अच्छी तरह से रगड़ कर गूथेंगे मोमोज उतने ही अच्छे तैयार होंगे। इसलिए बेस्टह होगा कि आप मैदे को गुनगुने पानी से गूथें। जब मैदा गूंथ जाए तो आपको उसे कुछ देर के लिए कपड़े से ढककर रखा चाहिए। ऐसा करने पर आटा सेट हो जाता है और मोमोज बनाने में आसानी होती है।

## पुराना फर्नीचर खरीदने से पहले जानें वास्तु के नियम



पुराने फर्नीचर में अक्सर अपने पिछले मालिकों की भावनाएं समाहित होती हैं। ये ऊर्जा चाहे सकारात्मक हों या नकारात्मक, आपके घर की आभा को प्रभावित कर सकती हैं। यदि वह फर्नीचर किसी ऐसे घर का हिस्सा रहा है जिसमें वित्तीय नुकसान, स्वास्थ्य समस्याएं या संघर्ष का अनुभव हुआ है, तो ऐसी ऊर्जाएं आपके घर में भी उस फर्नीचर के माध्यम से स्थानांतरित हो सकती हैं और आपके घर के ऊर्जा संतुलन को बाधित कर सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि पुराना फर्नीचर अक्सर अपने पिछले मालिकों और उस वातावरण की ऊर्जा को वहन करता है जिसमें इसका उपयोग किया गया था। अगर पहले रखे स्थान पर फर्नीचर नकारात्मक घटनाओं, विवादों या तनाव वाले स्थान का हिस्सा था, तो यह उन कंपनों को नए स्थान पर भी बनाए रख सकता है। सुनने में भले ही आपको थोड़ा अटपटा लगे, लेकिन पुराना फर्नीचर कई बार आपके लिए नकारात्मक ऊर्जा का स्रोत हो सकता है और इसके माध्यम से आपके घर में किसी दूसरे की नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश कर सकती है। जब आपके घर में ऐसा कोई फर्नीचर रखा जाता है, तो यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकता है, जिससे शांति और सद्भाव में कमी आ सकती है। जो फर्नीचर पुराना या खराब रखरखाव वाला है, उसमें एलर्जी के बैक्टीरिया धूल और कीड़े हो सकते हैं। कई बार पुराने फर्नीचर में खटमल हो जाते हैं और जब आप ऐसा कोई फर्नीचर घर ले आते हैं तो वो खटमल आपके घर में भी आ सकते हैं। फिर भी शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से परे, वास्तु का मानना है कि इससे घर में नकारात्मक कंपन बढ़ता है।

कार्नर न्यूज

रोजे के दौरान अपने शरीर का भी ध्यान रखना जरूरी

# रमजान में रोजे रखने के बावजूद बरकरार रहेगी तंदुरुस्ती, उठाएं ऐसे जरूरी कदम

रमजान में आप भी रोजा रखते हैं तो आइए नजर डालते हैं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के उन टिप्स पर जो आपको रमजान में हेल्दी रहने में मदद कर सकते हैं। इस्लाम को मानने वाले लोगों के लिए रमजान का महीना काफी फजीलत वाला होता है। इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे 30 दिन रोजा रखते हैं। सूर्यास्त से पहले से लेकर सूरज डूबने के बाद तक का रोजा होता है, यानी कुल 12 से 13 घंटे बिना खाए पिए रहना पड़ता है। ऐसे में अगर जरा भी लापरवाही हुई तो सेहत पर असर पड़ सकता है। अक्सर लोग अपनी सेहत को लेकर इस दौरान थोड़े चिंतित रहते हैं। वही हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने रमजान में स्वस्थ रहने के लिए एक पोस्टर जारी किया है। इनमें बताया गया है कि कैसे आप रमजान के दौरान खुद को फिट रख सकते हैं। आइए नजर डालते हैं डब्ल्यूएचओकी इस पोस्ट पर

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक अगर आप रमजान के महीने में खाने में डेजर्ट शामिल करते हैं तो आपको वाटर रिच फलों को डेजर्ट में शामिल करना चाहिए। इससे आपको नेचुरल शुगर मिलेगा, शरीर में पानी की कमी भी नहीं होगी,पाचन दुरुस्त होगा और तो और आपकी क्रेविंग भी शांत हो जाएगी।



डब्ल्यूएचओ के मुताबिक आप रमजान में भी एक्सरसाइज जरूर करें। इसे पूरा शरीर एक्टिव हो जाता है और शरीर में ऑक्सीजन का भी संचार बढ़िया होता ह। इससे आप कई तरह की बीमारियों से दूर रहते हैं। एक्सरसाइज करने से मूड बेहतर होता है और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। ध्यान रहे की शहरी के वक्त एक्सरसाइज करें या फिर इफ्तार के बाद।

डब्ल्यूएचओ के बाद ऐसा करने से आपके शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। हार्ट मस्तिष्क को नुकसान पहुंच सकता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक रमजान में अगर आप फिट एंड फाइन रहना चाहते हैं तो आपको प्रॉपर डाइट का भी ध्यान देना होगा। अपनी थाली में विटामिन, मिनरल्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें हेल्दी डाइट में डेयरी प्रोडक्ट, हरी सब्जियां, दाल सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं इस दौरान हाइड्रेशन का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। नॉन फास्टिंग आर में जितना हो सके आप धीरे-धीरे पानी पीते रहें। इसके अलावा आप नारियल पानी, जूस, सब्जियों के सूप भी लेते रहें। इससे डिहाइड्रेशन भी नहीं होगी और शरीर को एनर्जी मिलती रहेगी। रमजान में आप मीठा खाना सीमित कर दें,इसके अलावा आप नमक भी कम मात्रा में खाएं। इन दोनों ही चीज़ों से आपके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। चीनी खाने से जहां ब्लड शुगर लेवल पर असर पड़ सकता है वहीं नमक बीपी बढ़ा सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बूढ़े रेसर बन फॉर्मूला वन की रेस जीतने निकले ब्रैड, छा गया ट्रेलर



ब्रैड पिट अभिनीत स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'एफ 1' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। जिसमें फिल्म की कहानी की छोटी सी झलक देखने को मिली थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट एक बूढ़े रेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो फॉर्मूला वन में वापसी कर रहा है। इसे वास्तविक स्थानों पर असली फॉर्मूला कारों में फिल्माया गया है। प्रशंसकों ने भी ट्रेलर और स्कोर की तारीफ की है। ट्रेलर को रिलीज हुए 48 घंटे हो चुके हैं। यूट्यूब पर ट्रेलर को अब तक एक करोड़ 16 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी फैंस इस ट्रेलर को खूब पसंद कर रहे हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं भी साझा की हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह फिल्म बेस्ट स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म होगी तो वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म की रिलीज को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। ट्रेलर की शुरुआत जेवियर बार्डेम के किरदार से होती है, जो सोनी हेस (ब्रैड पिट) को एक पूर्व रेसर के रूप में पेश करता है, जिसके सबसे अच्छे दिन पीछे छूट चुके हैं। वह उसे अपनी फार्मूला-1 टीम में सीट देने का प्रस्ताव देता है, ताकि वह अपने नए ड्राइवर जोशुआ पीयर्स (डैमसन इदरिस) को सलाह दे सके, लेकिन सोनी हेस को अब अपने बूढ़े शरीर और एक ऐसे साथी से लड़ना होगा, जो उसका सम्मान नहीं करता, साथ ही 'F1 में कभी नहीं होने' के टैग से भी लड़ना होगा। एफ1 में केरी कोंडन, टोबियास मेंजीज और किम बोडनिया भी हैं। इसे असली ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांतों के दौरान फिल्माया गया है, जब टीम खेल के खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करती है।

### टॉलीवुड

## 'कल्कि 2' आएगी इस साल के आखिर में, अश्विन ने कहानी का किया खुलासा



फिल्म निर्माता नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर में से एक थी। अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण अभिनीत इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। अब निर्देशक और निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है। वहीं, अब फिल्म के निर्देशक नाग अश्विन ने 'कल्कि 2' के बारे में दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने यह कहकर सबको चौंका दिया कि वे इस साल दिसंबर में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

कल्कि भाग 1 में प्रभास के लिए कम स्क्रीन टाइमिंग की शिकायतों के बारे में बात करते हुए नाग अश्विन ने कहा कि उन्होंने कर्ण (प्रभास) की दुनिया को स्थापित करने के लिए सुमति (दीपिका) और अश्वत्थामा (अमिताभ) की पिछली कहानियों की खोज की। उन्होंने कहा कि भाग दो में प्रभास अधिक होंगे, क्योंकि यह मुख्य रूप से कर्ण और अश्वत्थामा पात्रों के इर्द-गिर्द केंद्रित होगा।

हालांकि, इससे पहले खबर आई थी कि प्रभास अपनी कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं, इसलिए 'कल्कि 2' के निर्माण को टाल दिया गया था। वहीं, अब निर्देशक इसी साल के अंत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, जिसके लिए प्रभास को इसकी शूटिंग के लिए भी समय निकालना होगा। प्रभास के पास इस साल रिलीज होने के लिए तीन फिल्में पहले ही कतार में मौजूद हैं, जिनमें- राजा साब, फौजी और स्पिरिट शामिल हैं।

फिल्म नाग अश्विन द्वारा लिखित और निर्देशित है। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म भारत की सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म के डायलॉग साई माधव बुर्रा ने लिखे हैं। संगीतकार संतोष नारायणन, छायाकार जोर्डजे स्टोजिलजकोविक और संपादक कोटागिरी वेंकटेश्वर राव

### भोजपुरी

## 'लेकिन ये बता दीजिए कि आपने शादी किससे की', काजल राघवानी को इस तरह देखकर सभी पूछ रहे एक ही सवाल



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई तस्वीर इस वक्त काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें उन्होंने सिंदूर लगाया हुआ है। अब इन्हीं तस्वीरों पर लोग सवाल खड़े करते दिख रहे हैं कि क्या काजल राघवानी ने गुपचुप शादी तो नहीं कर ली।

काजल राघवानी अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियां बटोरा करती हैं। अब नया बवाल उनके माथे पर लगे सिंदूर को देखकर मच रहा है। लोग हैरानी जता रहे हैं और जानना चाह रहे हैं कि आखिर इन तस्वीरों के पीछे माजरा क्या है। लोगों को लग रहा है कि कहीं काजल ने सीक्रेट तरीके से शादी वादी तो नहीं कर ली। मजेदार ये है कि काजल राघवानी ने ये तस्वीरें खुद शेयर की हैं। काजल ने केवल तस्वीरें ही नहीं बल्कि अपना वीडियो भी शेयर किया है जिसमें मांग में सिंदूर दिख रहा है। कुछ तस्वीरें उन्होंने कार के अंदर की दिखाई हैं, जिसमें कुछ और लोग उनके साथ नजर आ रहे हैं। लोगों ने पूछा है- काजल जी शादी कब कर लिया सिंदूर दिख रहा है। एक ने पूछा- अभी मैं पूछूंगा आपके मांग में सिंदूर क्यों है तो आप बोलेंगी मैं शूटिंग पर थी। कई लोगों ने पूछा है- लेकिन ये बता दीजिए कि आपने शादी किससे की है। वहीं कई लोगों ने खेसारी लाल यादव को लेकर तंज भी कसा है।




फ्रेंच फैशन

फ्रांसीसी फैशन के रुझान बिल्कुल अलग रंग लिए हुए आते हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में 2025 का फैशन स्टाइल तय करना बेहद मुश्किल है। हालांकि पेरिस फैशन वीक के दौरान दुनिया भर से आने वाले डिजाइनरों के बीच यह मुद्दा हमेशा सरगर्म रहता है कि कोई एक सर्वमान्य स्टाइल कौन सा है। फिलहाल पेरिस में रनवे पर उतरने के लिए मॉडल तैयार हैं।

## बालों में लगाती हैं गर्म तेल तो पहले जान लें इसके नुकसान



बालों की देखभाल करने के लिए आपको सबसे पहले हेयर एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए और फिर ही किसी भी रूटीन को फॉलो करना चाहिए। खूबसूरत और घने बाल पाने के लिए रोजाना हेयर केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई सारे बड़े-बड़े ब्रांड्स के हेयर केयर प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बालों की देखभाल करने के लिए मौसम का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। सर्दी के मौसम में अक्सर हम बालों को मॉइस्चराइज करने के लिए हेयर ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं हम कई बार बालों में तेल लगाने से पहले इसे गर्म करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बालों में तेल को गर्म करके लगाने के कई सारे नुकसान भी होते हैं। अगर नहीं तो आइये जानते हैं बालों में गर्म तेल को लगाने के नुकसान क्या हैं-

**स्कैल्प में गर्म तेल लगाने से क्या होता है ? :** स्कैल्प में तेल को गर्म करके लगाने से डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि गर्म तेल स्किन ड्राईनेस बढ़ा देता है, जिसके कारण बालों और स्कैल्प में डैंड्रफ की समस्या अधिक हो जाती है। हालांकि गर्म करके तेल को बालों में लगाने से आपको काफी रिलैक्स महसूस हो सकता है।

**तेल को गर्म करके लगाने से बालों को क्या होता है ?**

तेल को हल्का गुनगुना करना तो ठीक है, लेकिन अगर आप बालों में तेल को ज्यादा गर्म करके लगा रही हैं तो यह हेयर ड्राईनेस को बढ़ा देगा। हेयर ड्राईनेस बढ़ने के कारण बालों की खूबसूरती फीकी नजर आएगी तथा इससे बालों की चमक भी खो सकती है।

**किस तरह की स्कैल्प और बालों पर गर्म तेल को नहीं लगाना चाहिए ?:** वैसे तो आप किसी भी चीज या नुस्खे को बालों और स्कैल्प पर लगाने से पहले एक बार एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें, लेकिन अगर गर्म तेल की बात करें तो अगर आपके हेयर पतले हैं और आपके स्कैल्प की स्किन सेंसिटिव है तो हॉट ऑयल ट्रीटमेंट आपको अवॉयड ही करना चाहिए।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन, लोग हटा नहीं पाएंगे नजरें





हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।

### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं।

### कटरीना कैफ

बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ये देखने में बेहद ही प्यारा लगेगा।

## कुछ आसान नुस्खे पैरों के नाखून को बनाएंगे मजबूत और चमकदार



हम अपने चेहरे और हाथों की त्वचा का जितना ध्यान रखते हैं, उतना ध्यान हम अपने पैरों का नहीं रख पाते हैं। खासतौर पर पैरों के नाखूनों को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में यह रूखे, खुरदुरे और बेजान से नजर आते हैं। यदि इनकी ठीक से देखभाल न की जाए, तो यह न केवल खराब हो जाते हैं बल्कि इनमें इंफेक्शन भी हो जाता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि पैरों के नाखूनों की ठीक से साफ-सफाई की जाए। आज हम आपको पैरों के नाखूनों मजबूत और खूबसूरत बनाने का बहुत ही आसान तरीका बताएंगे।

### अपने नाखूनों को साफ करें

सबसे पहले आपको एक अच्छे ब्रांड के नेल पेंट रिमूवर का इस्तेमाल करके नाखूनों को साफ करना चाहिए। इसके अलावा कोई भी अन्य चीज का इस्तेमाल करके आपको नेल पेंट नहीं रिमूव करना चाहिए। इससे आपके नाखून खुरदुरे और ड्राई हो जाते हैं।

### पैरों को पानी में सोक करें

एक छोटी और गहरी तस्तरी लें और उसमें पानी भर लें। पानी में नींबू का रस और एक छोटा चम्मच बेकिंग सोडा डालें। साथ ही थोड़ा सा नमक भी डाल लें। इसके बाद आप इस मिश्रण में अपने पैरों के नाखूनों को 5 से 10 मिनट के लिए डिप कर लें। इससे नाखूनों में जमी मैल फूल जाएगी और उसे निकालने में आसानी होगी। 10 मिनट बाद आपको नेल क्लीनिंग टूल की मदद से नखूनों के अंदर जमी गंदगी को साफ कर लेना चाहिए।

### नाखूनों पर पैक लगाएं

एक बार नाखून साफ हो जाएं, तो आपको उनके ऊपर नेल पैक लगाना चाहिए। बाजार में आपको बहुत सारे अच्छे ब्रांड्स में नेल पैक मिल जाएंगे, मगर आप इन्हें घर पर भी बना सकती हैं।

## लहंगे के साथ इस तरह के मिनी पर्स करें कैरी, दिखेंगी स्टाइलिश



लहंगे के साथ किस तरह क पर्स को कैरी करना चाहिए। इस बात को जानने के लिए फैशन ट्रेंड को समझना जरूरी होता है।शादी के लिए जब हम बाजार से लहंगा लेते हैं तो उसके साथ की मैचिंग सभी एक्सेसरीज लेते हैं लेकिन मैचिंग पर्स लेना भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लहंगे के साथ कौन-सा मैचिंग पर्स लें। इस तरह के लुक के साथ कौन-से रंग का पर्स मैच करेगा, इस बात को लेकर हम कन्फ्यूज्ड रहते हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए हम कुछ ऐसे मिनी पर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें आप अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकते हैं।

### गोल्डन मिनी पर्स

अगर आपके लहंगे में गोल्डन वर्क किया गया है तो आप लहंगे के साथ गोल्डन कलर का पर्स ले सकते हैं। गोल्डन कलर रॉयल लुक देने में सहायता करता है और ज़्यादातर आउटफिट के साथ ये मिनी पर्स काफी अच्छे लगते हैं। गोल्डन रंग के मिनी पर्स के डिज़ाइन में आपको मार्केट में आराम से मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन प्लेटफार्म से भी आप ये पर्स ले सकते हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह आप इस तरह पर्स को सस्ते दाम में खरीद सकते हैं और लहंगे के साथ इन पर्स को कैरी कर सकते हैं।

### ऑफ व्हाइट पर्स


लहंगे के साथ आप ऑफ व्हाइट कलर का पर्स भी कैरी कर सकती हैं। ऑफ व्हाइट कलर के काफी काफी सिंपल हैं और ये हर तरह के ऑउटफिट के साथ मैच करेगा। वहीं अगर आप लाइट रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तब भी आप इस तरह का पर्स अपने लहंगे के साथ कैरी कर सकती हैं। आप इसमें पर्ल वर्क वाले डिजाइंस को भी चुन सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### आपका पार्टी लुक होना चाहिए सबसे अलग

## पार्टी में जाने के लिए अगर ऐसे होंगे तैयार तो पलट कर देखेगा हर कोई

जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। ज्वेलरी और आउटफिट के साथ लड़कियां पार्टी में दमकती त्वचा के लिए कई दिन पहले से स्किन केयर भी करती हैं। इससे उनकी त्वचा खिली-खिली रहती है। वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में जाने से पहले आपको भी कुछ टिप्स अपनाने चाहिए, ताकि वहां हर कोई आपको ही पलट-पलट कर देखे।



### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### ग्रूमिंग गाइड

स्किन को करें एक्सफोलिएट


पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

### पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल

जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें।



इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

### दांतों को रखें साफ

पार्टी में जाने से तुरंत पहले एक बार दांतों को अच्छी तरह से साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू भी कम होगी और अगर दांतों में कहीं खाना फंसा होगा तो वो भी निकल जाएगा।

### हल्का मेकअप करें

मेकअप सिर्फ लड़कियों के लिए नहीं बना है, ऐसे में आप भी पार्टी में जाने से पहले हल्का मेकअप कर सकते हैं। ध्यान रखें कि ज्यादा मेकअप अप्लाई न करें, इससे आपका लुक खराब हो सकता है।

### लिप बाम

अच्छी तरह से तैयार होने के बाद अगर आपके होंठ रूखे-सूखे रहेंगे तो आपका लुक खराब दिखेगा। ऐसे में लिप बाम हमेशा जेब में रखें, और इसका इस्तेमाल करते रहें।